दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 224 | जयपुर, सोमवार, 24 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**मुहाना थाने में हिस्ट्रीशीटर ने की आत्महत्या:** मृतक ललित बैरवा पर नकबजनी के करीब 20 मामले थे दर्ज

# नकबजनी के आरोपी ने कंबल से फंदा बनाकर की खुदकुशी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट में डेढ़ साल में पुलिस हिरासत में तीसरी मौत होने का मामला सामने आया है। रविवार को मुहाना थाने की हवालात में नकबजनी के आरोप में पकड़ कर लाया गया हिस्ट्रीशीटर ललित बैरवा ने कंबल की पट्टी काटकर उससे फंदा लगा लिया। शौचालय की जाली से इस फंदे को बांधकर लटक गया। घटना दोपहर 12.30 बजे की है। मृतक ललित बैरवा को मुहाना थाना पुलिस ने 20 जुलाई को नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार किया था और वह 28 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर था।

घटना की सूचना मिलने पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई, डीसीपी साउथ योगेश गोयल और एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंचे। हिरासत के दौरान थाने में हुई मौत के कारण सीआरपीसी की धारा 176 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जांच शुरू कर दी गई। डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि वाटिका निवासी मृतक ललित बैरवा सांगानेर सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर नकबजनी के करीब 20 मुकदमे दर्ज थे।



एफएसएल टीम साक्ष्य लेती हुई।

### आधा घंटे बाद लगा पता

पता चला है कि घटना के समय फंदा लगाने वाले ललित के साथ हवालात में दो अन्य लोग भी थे। ललित ने कंबल के किनारे पर लगे कपड़े की पट्टी को निकाला और छिपाकर शौचालय में अपने साथ ले गया। करीब आधा घंटे वह जब बाहर नहीं आया तो दरवाजा खोलकर जांच की तो वह रोशनदान की जाली से फंदा लगाकर लटका हुआ मिला। इसके बाद दोनों साथियों ने पुलिसकर्मियों को बुलाया और उसे उतारकर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि वह इतना शातिर था कि कब कंबल काटा और कब अंदर ले गया इसका पता ही नहीं लगने दिया।

### पुलिस हिरासत में तीसरी मौत

पुलिस हिरासत में होने वाली जयपुर कमिश्नरेट की डेढ़ साल में यह तीसरी मौत है। इससे पहले जवाहर सर्किल थाने में अंकित त्यागी इसी तरह फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। वहीं, प्रताप नगर थाने में वाहन चोर नितेश सोनी की मौत का मामला सामने आया था। मुहाना थाने में होने वाली यह तीसरी मौत है।

### आज होगा पोस्टमार्टम

मेडिकल बोर्ड से मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम सोमवार को होगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एफएसएल टीम के वैज्ञानिक अभय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। जहां से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इनकी भी जांच की जाएगी। साथ ही, पुलिस के आलाधिकारी यह भी जांच करेंगे कि पूरे मामले में किन पुलिसकमियों की लापरवाही रही है।

## जरूरी खबर

### आज विधानसभा में पारित होंगे चार विधेयक



**जयपुर।** विधानसभा की कार्यवाही दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर शुरू होगी। सरकार की तरफ से तीन नए विधेयक सदन में रखे जाएंगे। वहीं चार अन्य विधेयकों को चर्चा कर पारित किया जाएगा। शून्यकाल में भाजपा की तरफ से प्रदेश में जल जीवन मिशन की धीमी चाल का मुद्दा उठाया जाएगा। इसे लेकर चालीस से ज्यादा विधायकों ने स्थगन प्रस्ताव लगाया है। विधानसभा के आगे के कामकाज को तय करने के लिए सोमवार दोपहर को कार्य सलाहकार समिति की बैठक भी होगी। माना जा रहा है कि विधानसभा की कार्यवाही 25 जुलाई तक चल सकती है।

### Twitter: चिड़िया की जगह X हो सकता है नया लोगो



**वाशिंगटन।** ट्विटर के मालिक एलन मस्क ट्विटर के लोगो 'चिड़िया' को हटाने की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने अपने लेटेस्ट ट्वीट में इस बात की जानकारी दी कि जल्द ही ट्विटर का लोगो बदलने वाला है। उन्होंने लिखा कि हम बहुत जल्द ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। उन्होंने बताया कि अगर आज (रविवार) रात को एक X डिजाइन का एक अच्छा लोगो पोस्ट किया जाता है तो हम कल (सोमवार) ही इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा...** हमारी योजनाएं श्रेष्ठ

# महिलाएं कैंप में ले सकेंगी अपनी पसंद का मोबाइल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को केन्द्र से बेहतर बताते हुए कहा है कि चिरंजीवी योजना के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बीकानेर में अपना कार्यक्रम निरस्त करना पड़ा, क्योंकि मोदी यहां से केंद्र की 5 लाख बीमा योजना बीकानेर से लॉन्च करने वाले थे। उन्हें उनकी पार्टी के नेताओं ने बता दिया कि यहां पहले से ही 25 लाख रुपए की बीमा योजना चल रही है तो उन्होंने राजस्थान में इस बीमा योजना का लॉन्चिंग कार्यक्रम रद्द कर दिया।

जोधपुर के विकास कार्यों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करते हुए गहलोत ने कहा कि अगस्त माह में ही महिलाओं को मोबाइल मिलने की घोषणा पूरी हो जाएगी। एक ही शिविर में अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल महिलाओं को मिलेंगे। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार मोबाइल का चयन कर सकेंगी। सरकार ने एक निश्चित राशि तय कर दी है, जो कि मोबाइल खरीदने पर उससे संबंधित मोबाइल कंपनी के खाते में सीधी पहुंच जाएगी। गहलोत ने कहा कि यदि तय राशि से ज्यादा का कोई मोबाइल लेना चाहता है तो उसकी अतिरिक्त राशि उस महिला को ही देनी होगी। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में ही जरूरतमंदों को राशन के किट वितरण करने वाली अन्नपूर्णा योजना भी लॉन्च की जा रही है।

### हमारी योजना के आगे मोदी नहीं कर पाए अपनी योजना लॉन्च

### विपक्ष कहता है कि अपराध बढ़े हैं, हम पुलिस के काम से खुश



#### भाजपा करती है भेदभाव

सीएम गहलोत ने कहा कि जब भी भाजपा की सरकार आती है तो विकास कार्यों में भेदभाव किया जाता है। जोधपुर को सबसे ज्यादा उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दोनों पैर के अंगूठे में चोट लगी है और डॉक्टर ने बाहर निकलने से मना किया है। उन्होंने कहा कि अब जब भी डॉक्टर बाहर निकलने की एडवाइज देंगे तो सबसे पहले जोधपुर का ही दौरा करूंगा।

#### कानून व्यवस्था पर क्लीन चिट

गहलोत ने कहा कि विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए, लेकिन हम पुलिस के काम से खुश हैं। विपक्ष वाले कहते हैं कि अपराध बढ़ा है, जबकि हमने ही नई पॉलिसी लागू की है, हर केस को रजिस्टर करना जरूरी है। इसी से ही आंकड़े बढ़े हैं। जोधपुर गैंगरेप और कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को तीन घंटे में ही पकड़ लिया। यदि ऐसा नहीं होता तो मैं राजस्थान में दंगे भड़कने की आशंका थी।

#### काम के मामले में BJP से हम बहुत आगे

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हम नए विद्यालय खोलने से लेकर स्कूलों को क्रमोन्नत करने तक में पूर्व भाजपा सरकार से बहुत आगे हैं। साढ़े चार साल में हमने 300 से ज्यादा कॉलेज खोलने का काम किया है। हमने एमबीएम को डिविजनल यूनिवर्सिटी बनाने का काम किया। दिव्यांग यूनिवर्सिटी महात्मा गांधी के नाम से खोला जा रहा है।

**राजधानी में दोपहर तक उमस ने किया परेशान**

# बरसात के बाद पारा पांच डिग्री गिरा तो मिली लोगों को राहत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में रविवार को एक दर्जन से भी अधिक जगहों पर दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी का दौर चला। इधर, टोंक स्थित बीसलपुर बांध में रविवार को पानी की आवक शुरू हुई। इसके अलावा उदयपुर में शनिवार से ही जारी मूसलाधार बारिश के चलते यहां के अधिकतर जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया है। 13 फीट भराव क्षमता वाली फतेहसागर झील में जलस्तर रविवार को 13.4 फीट तक पहुंच गया है। इसके चारों गेट पहले से 3-3 इंच खुले हुए हैं। यहां रविवार को भी सडकें सैलाब बनी रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

इधर, रविवार को पूरे प्रदेश में तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। राजधानी में रविवार तड़के से ही लोग उमस से परेशान रहे। यहां सुबह रहा 26 डिग्री तापमान दोपहर 3 बजे तक 33 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, अपराह्न में मौसम बदला और बारिश हुई, जो देर रात तक कई इलाकों में रुक-रुक कर बूंदाबांदी के रूप में चलती रही। इससे तापमान में 5 डिग्री गिरावट आई और तापमान 28 डिग्री हो गया। तब आमजन को उमस और तेज गर्मी से राहत मिली।

मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार आधा दर्जन जगहों पर सोमवार को भारी बरसात की चेतावनी जारी की गई है, जिनमें उदयपुर, प्रतापगढ़, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और बांसवाड़ा शामिल है। इसके अलावा राजधानी जयपुर समेत 11 जगहों पर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### बीसलपुर में पानी की आवक फिर शुरू



फोटो: पंकज शर्मा

**बर्खास्त मंत्री गुढ़ा ने कहा...**

## मां का दूध पिया है तो जेल में डालकर दिखाएं

**बेधड़क** | जयपुर



मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किए गए मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा एक बार फिर से राज्य की कांग्रेस सरकार को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर मां का दूध पिया है तो उन्हें जेल में डाल कर दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह नहीं होते तो गहलोत जेल में होते, लेकिन उन्हें बर्खास्तगी से पहले सफाई का भी मौका नहीं दिया गया। झुंझुनूं में एक कार्यक्रम के दौरान गुढ़ा ने एक 'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के खिलाफ ईडी और आईटी की छापेमारी के दौरान सीएम के निर्देश पर 'लाल डायरी' को सुरक्षित रखा था। बता दें, गुढ़ा को राज्यमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने रविवार को कहा कि अगर आपने मुझसे इस्तीफा देने के लिए कहा होता तो मैं इस्तीफा दे देता। आपको फोन करना चाहिए था और नोटिस देना चाहिए था। जज भी कार्रवाई से पहले एक मौका देते हैं। इधर, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जसवंत गुर्जर सहित अन्य नेताओं ने गुढ़ा को कांग्रेस से भी बाहर निकालने की मांग की है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता कोरिया ओपन



**येओसु (कोरिया)।** भारत के सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की इंडोनेशियाई शीर्ष वरीय जोड़ी पर 17-21 21-13 21-14 की जीत से कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। भारतीय जोड़ी एक गेम से पिछड़ रही थी, लेकिन उसने वापसी करते हुए एक और खिताब अपनी झोली में डाला।

**प्रेम कहानी की मिस्ट्री**

# सीमा हैदर ने कहा... मैंने यहां का नमक खाया है, नहीं करूंगी नमक हरामी

- पाकिस्तान में औरतें परेशान, धर्म भी बदल दिया जाता है
- पाकिस्तान रेंजर्स या सेना से मेरा कोई कनेक्शन नहीं
- भारत आने की प्लानिंग मैंने और सचिन ने मिलकर की थी

**कनिका कटियार** | बेधड़क

नई दिल्ली। पाकिस्तान से चार बच्चों के साथ भारत आई सीमा हैदर नई दिल्ली पहुंची। पेश हैं इस लव स्टोरी को लेकर रविवार को **'सच बेधड़क'** से हुई सीमा की खास बातचीत के मुख्य अंश-

**प्रदेश के रीजनल मीडिया में सबसे पहले**

**Q सीमा और सचिन की क्या कहानी है? कैसे मिले?**

**A सीमा-** हमारी कहानी गेम खेलने के दौरान हुई फ्रेंडशिप से शुरू हो गई। दोस्ती धीरे-धीरे बेइंतहा मोहब्बत में बदल गई। हम एक-दूसरे के लिए जान देने के लिए भी तैयार हैं। हमने वादा किया था कि हम एक दूसरे से मिलें या ना मिलें, लेकिन हम एक-दूसरे के रहेंगे। सीमा ने कहा कि मेरे पहले पति से रिश्ते अच्छे नहीं थे। उनसे हमेशा लड़ाई होती रहती थी। पति के बाहर जाने के बाद सचिन के साथ बहुत ज्यादा मन लगने लगा। पापा के मरने के बाद सचिन ने मुझे सपोर्ट किया।



**Q पाकिस्तान में महिलाओं की स्थिति कैसी है?**

**A सीमा -** पाकिस्तान में रहकर भी मुझे शुरू से ही भारत से मोहब्बत थी। मुझे भारत का बनना अच्छा लगता है। मेरे गांव में महिलाओं की अच्छी स्थिति नहीं हैं। वहां औरतें बहुत परेशानी में रहती हैं। कुछ लोग कह रहे है कि उनकी वजह से हिन्दू लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है, वो तो पहले से ही पाकिस्तान में हो रहा है।

**Q आप पर जासूसी का भी आरोप लग रहा है?**

**A सीमा-** दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं है, जिसने प्यार नहीं किया हो। ये मेरे मुकद्दर में लिखा हुआ था। इसके पीछे कोई प्लानिंग नहीं थी। मेरे पीछे पाकिस्तान में कोई नहीं था। सीमा ने कहा कि उनके सास-ससुर हैवान थे। उन्होंने मेरी बेटी को भी बेच दिया। इसी वजह से मैं अलग हुई थी।

**Q एटीएस का इनपुट है कि आपका भाई और चाचा पाक फौज में है?**

**A सीमा -** चाचा और भाई से मेरा कोई ताल्लुक नहीं है। यहां के लोग मुझे उनसे जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यदि उनका कोई वास्ता होता तो क्या मैं कोई वीजा लेकर भारत नहीं आती?

**Q नोएडा में प्रशासन ने कोई बदसलूकी की?**

**A सीमा -** प्रशासन ने कोई बदसलूकी नहीं की। सामान्य रूप से पूछताछ की गई। मुख्यमंत्री योगी से झोली फैलाकर गुहार लगाती हूं कि मुझे वीजा दिया जाए। मेरे से गलती हो गई कि बिना वीजा के आ गई। मैं सचिन के बिना नहीं रह सकती थी इसलिए मजबूरन ऐसा किया। मैंने यहां का नमक खाया है तो नमक हरामी नहीं करूंगी।

**Q भारत आने की पूरी प्लानिंग सचिन ने की थी ?**

**A सीमा -** मैं और सचिन हमेशा साथ में थे। हर छोटी बात शेयर करते थे। यहां आने की प्लानिंग भी साथ मिलकर बनाई थी।

## जरूरी खबर

### प्रदेश की छवि खराब कर रही BJP: अर्चना शर्मा



**जयपुर।** राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने भाजपा नेताओं पर जुबानी हमला बोला है। शर्मा ने कहा कि मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटना को दबाने के लिए भाजपा नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इससे प्रदेश की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के नागरिक होने के नाते भाजपा नेताओं का भी दायित्व है कि झूठे आरोपों से राज्य की छवि खराब ना करें। मणिपुर के हालातों से राजस्थान की तुलना करना ओछी और स्वार्थ परक राजनीति है। भाजपा नेता जो बयानबाजी कर रहे हैं, वह निंदा योग्य है।

### सस्पेंड चल रहे 168 पुलिसकर्मी होंगे बहाल

**जयपुर।** भ्रष्टाचार व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद ड्यूटी से सस्पेंड चल रहे 168 पुलिसकर्मी अब जल्द ही बहाल होंगे। इनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी 3 साल से ज्यादा समय से सस्पेंड चल रहे थे। एडीजी विजलेंस बिजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को राज्य की रिव्यू कमेटी की अनुशंसा पर इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल रैंक के पुलिसकर्मियों की बहाली के आदेश दिए हैं।

### सीआईडी सीबी ने 67 हजार रुपए के नकली नोट पकड़े



**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय की सीआईडी सीबी टीम ने जयपुर में नकली नोटों की खेप पकड़ी है। टीम ने मालपुरा गेट थाना इलाके में रविवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी असलम को 500 रुपए के 96 और 200 रुपए के 95 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के दिशा-निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भटनागर, सीआई राम सिंह नाथावत ने हेड कांस्टेबल कमल सिंह की सूचना पर यह कार्रवाई की। इसमें हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, रामनिवास, कमल सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह व विश्राम की अहम भूमिका रही।

**जयपुर देहात कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के** शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणी

# PM पर रंधावा के बिगड़े बोल, RSS को निपटाने की चुनौती

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के सिरसी रोड स्थित मैरिज गार्डन में रविवार को जयपुर देहात कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बयानबाजी की।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री जैसा ढपोरशंख आ गया है, जो सिर्फ बोलता है, देता कुछ नहीं। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस की सरकार बनने पर आरएसएस को निपटाने की चुनौती दे दी। कार्यक्रम में रंधावा ने कहा कि जो देश इंदिरा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. मनमोहन सिंह ने बनाया है, उसे भगवा पार्टी भाजपा खत्म करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्यों इतनी बार राजस्थान का दौरा कर रहे हैं? दरअसल, उन्हें इस बात का डर है कि अगर मोदी राजस्थान हार गए तो पूरा हिन्दुस्तान हार जाएंगे, तो मेरी भी चुनौती है प्रधानमंत्री साहब हम भाजपा को यहां से हराएंगे और देश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। रंधावा ने कहा कि हमको कांग्रेस ने अनुशासन में रहने की सीख दी है। हमारी




शुरुआत हुई थी महात्मा गांधी से, हम कांग्रेस वाले काम करना चाहते हैं। हम भगत सिंह भी बन सकते हैं। पाकिस्तान हमारा दुश्मन है। इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए, लेकिन भाजपा और मोदी ने क्या किया। कांग्रेस नहीं होती तो देश आजाद नहीं होता।

### राठौड़ के पास दो हजार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी कैसे हुई?

डोटासरा ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ ने कभी मूंगफली का ठेला भी नहीं लगाया। आज उनके पास 2000 करोड़ की प्रॉपर्टी कैसे हुई? यह सवाल पूछना पड़ेगा। इनमें दम है तो हमारी जांच भी करवा लीजिए, कौन मना कर रहा है, लेकिन हम कहेंगे कि भाजपा के लोग भ्रष्ट और बेईमान हैं और देश को गुमराह कर रहे हैं। मुंह छिपाने से काम नहीं चलेगा। हमें इन्हें ठोककर जवाब देना पड़ेगा। डोटसरा बोले कि मैं तो जब चाहे तब चाहे शहीद होने के लिए तैयार हूं, लेकिन भाजपा और आरएसएस वालों को फूंक कर जवाब दूंगा। ये झूठे लोग हैं, निकम्मे हैं, फिर भी हम नहीं बोलते। इनके बारे में हमारे नेताओं को बोलना पड़ेगा। पीसीसी चीफ ने नहीं सहेगा राजस्थान को लेकर कहा कि प्रदेश के 25 निकम्मों को राजस्थान नहीं सहेगा।

### हम तो निपटाएंगे और चैलेंज देकर निपटाएंगे

डोटासरा ने कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राजस्थान में सरकार बनने पर आरएसएस को निपटाने तक की चुनौती दे दी। डोटासरा ने कहा कि मैं आरएसएस के बारे में पिछले दिनों चूरू के सरदारशहर में कुछ बोल गया। मेरे तीन मोबाइल नंबर हैं, तीनों पर ढाई-ढाई हजार गालियां आई हुई हैं। यह कहते हैं हम राष्ट्रभक्त हैं, शर्म से डूब मरना चाहिए। मैंने गलत क्या कह दिया? मैंने यही तो कहा था कि आप चुनाव लड़े बिना राज कर रहे हो, पावर इस्तेमाल कर रहे हो। डोटासरा ने कहा कि केंद्र और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने पर आरएसएस ढूंढने से भी नहीं मिलेगी। हम तो चैलेंज देकर निपटाएंगे।

**मोदी के दौरे से पहले चढ़ा सियासी पारा** जुबानी जंग हुई तेज

# कांग्रेस-BJP प्रभारी आमने-सामने

**जयपुर।** सीकर में 27 जुलाई को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर भाजपा व कांग्रेस में सियासी घमासान शुरू हो गया है। पीएम के दौरे को लेकर भाजपा व कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी आमने सामने हो गए है और एक-दूसरे पर जुबानी हमला बोला। वहीं सीकर में पीएम की सभा की तैयारियों को लेकर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि राजस्थान के किसान प्रधानमंत्री को मसीहा के रूप में देखते हैं। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि पीएम मोदी अब तक सीकर नहीं आए और अब वह सीकर आ रहे हैं। उनका सीकर आने का एक ही मकसद सिर्फ चुनाव है। वह विधानसभा चुनावों के प्रचार के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

## सीकर में चुनावी प्रचार के लिए आ रहे मोदी: रंधावा



**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा रविवार को सीकर पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। रंधावा ने कहा कि मोदी का एक ही मकसद है सिर्फ भाजपा का प्रचार-प्रसार, इसलिए वह सीकर आ रहे हैं।

रंधावा ने कहा कि मैं मोदी जी से अपील करता हूं कि वह सीकर में भाषण देकर, मजाक करके, गांधी परिवार, राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस को कोसकर नहीं जाएं।

बल्कि वह यहां की जनता को बताकर जाए कि वह चाइना के लिए क्या कर रहे हैं। पाकिस्तान के लिए क्या रणनीति है। मणिपुर हिंसा पर क्या कर रहे हैं। जो उन्होंने 15 लाख देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ? वह जब यहां किसानों की सभा को संबोधित करने आ रहे हैं तो यह भी बताएं कि 3 कृषि कानूनों पर कानून बनाने थे, उनको लेकर आज तक क्या कार्रवाई हुई? मोदी राजस्थान जरूर आएं, इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वह सीकर की धरती से पूरे देश की जनता को मणिपुर की घटना के बारे में पूरा सच जरूर बताकर जाएं।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि बेरोजगारों को एक करोड़ नौकरियां कब मिलेगी। देश की जनता महंगाई से परेशान है। यदि प्रधानमंत्री सीकर आकर राजस्थान व सीकर की जनता को कोई तोहफा देकर जाएं, तो यहां के लोगों को भी खुशी होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री राजस्थान में कई सभाएं कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस को कोसने के अलावा कुछ नहीं किया।

## पीएम को मसीहा के रूप में देखते हैं किसान: अरुण सिंह



**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीकर पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने मीडिया के सामने कहा कि प्रदेश के किसान नरेन्द्र मोदी को मसीहा के रूप में देखते हैं। प्रधानमंत्री का हमेशा प्रयास रहता है कि कैसे किसानों की इनकम को दोगुना किया जाए, सप्लाई चेन को किस तरह मजबूत किया जाए।

पीएम के केंद्र बिंदु में हमेशा किसान और गांव रहते हैं। दूसरी तरफ राजस्थान में किसान विरोधी सरकार है। गहलोत सरकार किसानों की कर्ज माफी का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन वह आज तक पूरा नहीं हुआ। 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम हो गई। कई किसानों ने तो सुसाइड कर लिया। सिंह ने कहा कि प्रदेश में किसानों की स्थिति खराब है। किसानों की जमीन नीलाम हो रही है। कांग्रेस को किसानों की कोई चिंता नहीं है। बाजरे की खरीद नहीं हुई है। जिससे नुकसान हो गया। प्रदेश मे महिला उत्पीड़न चरम पर है।

थानागाजी, करौली, जोधपुर, उदयपुर की रेप की घटनाएं प्रदेश को शर्मसार कर रही हैं। सिंह ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो चुकी है और मुख्यमंत्री गहलोत खुद का फोटोशूट करवा रहे हैं। उनके पैर में हल्की चोट लगी होगी, लेकिन मुख्यमंत्री बेड पर लेटे, एक मंत्री को अपने पास बैठाकर फोटोशूट करवा रहे हैं। मणिपुर सहित राजस्थान की हर घटना पर भाजपा ने विरोध जताया हैं। पार्टी सड़कों पर आंदोलन कर रही है। अरुण सिंह ने कहा कि मणिपुर जैसी घटनाएं राजस्थान में भी होती हैं, लेकिन वह केवल एक-दो दिन ही सुर्खियों में आती हैं।

**विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान**

## राजनीति में सक्रिय होंगे पन्या सैपट



**बेधड़क | जयपुर**

हास्य कलाकार पन्या सैपट के नाम से मशहूर दीपक मीणा ने राजस्थान विधानसभा सभा चुनाव में जमवारामगढ़ से चुनाव लड़ने की घोषणा की। इस संबंध में उन्होंने रविवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि जमवारामगढ़ क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना मेरा सपना है।

वहां रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि का विकास हो, इसके हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि जमवारामगढ़ क्षेत्र भौगोलिक रूप से अरावली पर्वत श्रृंखला का एक बड़ा हिस्सा है और यह वृक्ष विहीन हो गया है। ऐसे में वानिकी क्षेत्र में पेड़ लगाना प्रमुख एजेंडा है। मेरा इरादा है कि जमवारामगढ़ बांध को पुनः जलयुक्त किया जाए।

इसके अलावावहां की प्रमुख बाणगंगा नदी (ताला नदी) के दोनों ओर सघन वृक्षारोपण कर बांध में पानी की आवक में आ रही रुकावटों को दूर करके उसे जयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करना भी उनकी चुनावी घोषणा का प्रमुख हिस्सा होगा।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियां

**जयपुर।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को 200 प्रदेश सचिवों की नियुक्ति कर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इनमें जयपुर जिले से 19, अलवर जिले से 11, जोधपुर और नागौर से 10, अजमेर, सीकर, उदयपुर, जिले से 8- 8, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर और झुंझुनूं से 7- 7, गंगानगर, कोटा, चूरू और पाली से 6- 6, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ चित्तौड़गढ़, जालौर, दौसा से 5, बारां, धौलपुर, डूंगरपुर, करौली, राजसमंद, टोंक, सवाई माधोपुर से 4, बूंदी और सिरोही से 3- 3 के अलावा जैसलमेर, झालावाड़, प्रतापगढ़ से 2- 2 सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा 30 को

**जयपुर।** लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हुई वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक के बाद 30 जुलाई को फिर एक बार फिर होगी। जिसमें ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के अभ्यर्थियों की सामान्य ज्ञान की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के लिए आयोग ने रविवार को जिले आवंटित कर दिए हैं। आवंटित जिलों की जानकारी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से दी गई है। सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ग्रुप-ए की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक और ग्रुप-बी की परीक्षा दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक होगी। वहीं आयोग परीक्षाओं में बार-बार हो रहे पेपर लीक को लेकर अभ्यर्थियों को हिदायत दी है। सचिव गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक और अपराधी के बहकावे में न आएं।

## कांग्रेस को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है जनता

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश सरकार जनता को सुरक्षा देने में विफल साबित हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी कुर्सी का मोह नहीं त्याग पा रहे हैं। जनता ने कांग्रेस को बहुमत अपनी सुरक्षा और प्रदेश के विकास के लिए दिया था, लेकिन गहलोत सरकार इसमें नाकाम साबित हुई।

जनता अब सत्ता से कांग्रेस को बेदखल करने का मन बना चुकी है। ये बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल और महासचिव विश्वेंद्र सिंह ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं।




नवीन पालीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो बीजेपी पिछले पौने पांच साल से प्रदेश में भ्रष्टाचार और खराब कानून व्यवस्था को लेकर चुप्पी साधे रही, आज चुनावी फायदा लेने के लिए कांग्रेस पर आरोप-प्रत्यारोप करने का दिखावा कर रही है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दल नहीं चाहते कि प्रदेश में जवाबदेही कानून आए।

पालीवाल ने कहा कि आज राजस्थान में आप का मजबूत संगठन मैदान में है। इसी को लेकर शनिवार को प्रदेश कार्यकारिणी, लोकसभा प्रभारियों और जिलाध्यक्षों के साथ प्रदेश प्रभारी ने समीक्षा की थी। आज राजस्थान के कोने-कोने में 'आप' के कार्यकर्ता दिल्ली सरकार के जनहित में किए जा रहे कार्यों के बारे में बता रहे हैं। जिसे जानने के बाद राजस्थान की जनता 'आप' के साथ जुड़ रही है। राजस्थान के लगभग 45 हजार गांव और 7500 वार्ड हैं, जिनमें से करीब 40 फीसदी को आम आदमी पार्टी ने कवर कर लिया है।

**शयराना अंदाज: पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिवस पर सभा को पूर्व सीएम ने किया संबोधित**

# बेफिक्र हैं हम आईने सा किरदार रखते हैं: वसुंधरा राजे

**बेधड़क | निम्बाहेड़ा**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का रविवार को शायराना अंदाज देखने को मिला। उन्होंने निम्बाहेड़ा में पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिवस पर आयोजित जनसभा में अपना संबोधन कुछ इसी अंदाज में शुरू किया। इस दौरान राजे ने कहा कि जनता का प्यार कोई किसी से नहीं छीन सकता।

इसको लेकर उन्होंने एक शायरी भी सुनाई। वे बोलीं, बेफिक्र हैं हम, आईने सा किरदार रखते हैं, फिक्र वो करे जो चेहरे एक नहीं दो-चार रखते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जब यह शायरी मंच से बोलीं तो समूचा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभा में महिला सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा कि महिला सशक्त तो घर सशक्त, घर सशक्त तो प्रदेश सशक्त। आज समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने की महति आवश्यकता है।

राजे ने इस दौरान जो जनता की करे भलाई..., श्रीचंद भाई-श्रीचंद भाई... नारा भी लगवाया। उन्होंने कहा कि श्रीचंद यूडीएच मंत्री नहीं बनना चाहते थे, लेकिन उनकी ईमानदारी की वजह से उन्हें यह विभाग दिया था।

पूर्व सीएम राजे ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा के नेताओं में अंतर है। भाजपा के नेता जनता की



भलाई करते हैं जबकि कांग्रेस के नेता खुद की। उन्होंने कहा विकट से विकट परिस्थितियों में भी राजस्थान की जनता हमारी ढाल बन कर खड़ी रहीं, वरना ये साढ़े चार साल आसानी से नहीं कटते। बाधाएं भी आई, लेकिन आपके हौसलों के आगे नहीं टिक पाईं।

### राजस्थान सरकार पर बोला हमला

जन सभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि इस क्षेत्र में 4 भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है। वो किसकी शह पर हुई सब जानते हैं। इसलिए इस सरकार के पाप का घड़ा भर गया है जो आने वाले विधानसभा चुनाव में फूटने वाला है। उन्होंने कहा सोनिया गांधी ने कहा कि उन्हें मणिपुर की महिलाओं की चिंता है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि क्या उन्हें उस राजस्थान की चिंता नहीं है, जहां उनकी कांग्रेस पार्टी की सरपरस्ती में हर दिन करीब बीस महिलाओं की इज्जत पर प्रहार हो रहा है। जहां उनकी सरकार महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी में देश में पहले स्थान पर है।

## गहलोत को जगाने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं: जोशी



**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी.पी. जोशी रविवार को कोटा दौरे पर रहे। इस दौरान सर्किट हॉउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार में मातृशक्ति की सुरक्षा तो दूर की बात है, जो जनप्रतिनिधि सरकार को जगा रहा है, आईना दिखा रहा है, वही सुरक्षित नहीं है। इतनी कठोर कार्यवाही राजस्थान की गरिमा तार-तार करने वालों के विरुद्ध की होती तो राजस्थान सुरक्षित प्रदेश बन जाता। किन्तु गहलोत सरकार में राजस्थान की गरिमा को गिराने का ही काम किया है।

उन्होंने कहा मातृशक्ति का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान, किसानों की जमीन होती नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान जैसे अनेकों मुद्दों को लेकर भाजपा "नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान चल रहा है, जिसके क्रम में 1 अक्टूबर को जयपुर में विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### भगवा पताका लेकर हनुमान चालीसा पाठ



**जयपुर।** हनुमान महोत्सव समिति की ओर से रविवार शाम को विद्याधर नगर सन एंड मून प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में हजारों लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ से पूर्व संत प्रकाश दास जी महाराज ने भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतापपुरी महाराज ने प्रतिदिन हनुमान चालीसा पाठ पर जोर दिया। इस मौके पर मंच पर महंत रामसेवक दास, प्रतापपुरी महाराज, रामबालक दास महाराज, बालमुकुंदाचार्य महाराज, चेतन दास महाराज, साध्वी तरुणा, प्रेमानंद महाराज, मुन्नादास महाराज, गोपाल दास महाराज, शंकर दास महाराज, गायत्री परिवार के मनोज पारीक सहित अनेक संत महंत उपस्थित रहे।

### बीयर सप्लाई करते दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** बीयर की अवैध सप्लाई करते हुए रविवार को आदर्श नगर थाना पुलिस ने दो तस्करों वीरेन्द्र और श्रवण निवासी आदर्श नगर को गिरफ्तार किया। हैड कांस्टेबल अविनाश यादव की सूचना पर उनसे 140 बीयर की बोतल और 85 बीयर के कैन बरामद किए हैं।

### पड़ोसी ने मासूम बच्ची से अश्लील हरकत की

**जयपुर।** मानसरोवर इलाके में एक पड़ोसी व्यक्ति ने मासूम बच्ची से अश्लील हरकत की। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। एसीपी (मानसरोवर) अभिषेक शिवहरे ने बताया कि महिला ने रिपोर्ट दी है कि वह और पति 21 जुलाई को काम पर गए थे। सुबह 9 बजे लौटी तो घर पर 4 वर्षीया बेटी नहीं मिली। तलाशा तो पड़ोसी ओमप्रकाश ने उसे अपने कमरे में सुला रखा था और दरवाजा अंदर से बंद किया हुआ था।

**टूटा सब्र:** कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज के कार्यालय पर धरने पर बैठे व्यापारी, लगाए आरोप

# ढाई साल हो गए... समाधान छोड़िए, CM से भी नहीं मिला पाए

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर के न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई 200 फीट बढ़ाने के हाईकोर्ट के आदेश के विरोध में स्थानीय व्यापारी सड़क पर उतर गए हैं। सरकार की ओर से मामले में कोई राहत नहीं मिलती देख सैकड़ों व्यापारियों ने रविवार को कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज के कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी करने लगे।

शाम तक समाधान नहीं होते देख व्यापारियों ने कार्यालय के बाहर ही अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी। व्यापारियों का आरोप था कि कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज हमें पिछले ढाई सालों से मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलाने और उनकी बात सुने जाने का लगातार आश्वासन दे रहे थे, लेकिन एक बार भी हमें मुख्यमंत्री गहलोत से नहीं मिलाया गया। जेडीए की ओर से रोज नोटिस दिए जा रहे हैं, लेकिन 800 से अधिक व्यापारियों के दुख को कोई सुनने को तैयार नहीं है। मजबूरीवश हमें अनिश्चितकालीन धरना देना पड़ रहा है।




### न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई की जरूरत ही नहीं

न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि सांगानेर पुलिया से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक करीब 10 किमी में फैले बाजार में 800 से अधिक दुकानें हैं, जिनमें कई दुकानें 25 साल से अधिक पुरानी हैं। मास्टर प्लान में भी रोड की चौड़ाई को 100 फीट तक माना है। अब जेडीए ने कुछ बड़े लोगों को फायदा पंहुचाने के उद्देश्य से हाइकोर्ट में सभी दुकानों को अवैध बताते हुए सड़क की चौडाई 200 फीट कराने की कही है, जबकि सड़क पर यातायात दबाव को देखते हुए इसकी जरूरत ही नहीं है। हमें पिछले ढाई साल से कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज आश्वासन दे रहे थे कि जल्द आपकी मुलाकात सीएम साहब से कराउंगा। पिछली बार जब हमने घेराव और प्रदर्शन किया तो भारद्वाज ने 30 जून तक मुख्यमंत्री से मिलाने की कही थी और ये भी कहा कि समाधान नहीं निकला तो वे खुद धरना देंगे। हम उन्हीं के लिए यहां आए थे, लेकिन कांग्रेस नेता ने हमसे मिलने तक की जहमत नहीं की। इसलिए सभी व्यापारियों ने कार्यालय पर ही अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया।

> मैं पहले भी व्यापारियों के साथ था। इनकी मांग जायज है। सोमवार को सभी व्यापारियों को कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा से मिलवाया जाएगा और मामले में जल्द समाधान के लिए कहेंगे।
>
> **पुष्पेंद्र भारद्वाज,** कांग्रेस नेता

## सिविल सर्विसेज की निशुल्क तैयारी करवा रही है संस्था

# RU ने खाली कराया सेंटर तो मैरिज गार्डन में लगाई क्लास

### अशोक गहलोत ने 9 अप्रैल को 'एक पहल इंडिया' योजना के तहत किया था कोचिंग का शुभारंभ

**बेधड़क** | जयपुर

सपनों में हौसलों की उड़ान हो तो मुश्किल से मुश्किल काम भी आसानी से किया जा सकता है। इस वाक्य पर खरे उतरे हैं वह हौंसले जो प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने में जुटे हुए हैं। वह भी बिना किसी शुल्क के। ऐसे युवा जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण आरएएस-आईएएस के लिए महंगी कोचिंग संस्थाओं का सहारा नहीं मिलने से सपने पूरे करने से वंचित रहे जाते हैं, उनके सपने पूरे करने में एक संस्था जुटी हुई है। इस संस्था के सामने भी हजारों युवाओं को फ्री कोचिंग देने की राह में काफी परेशानियां आई, लेकिन ये इनके हौसलों को नहीं ढिगा सकी। राजस्थान विवि ने पहले कोचिंग के लिए जगह दी, लेकिन वहां से यहां पढ़ने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

विवि से बाहर निकाला तो अब मैरिज गार्डन में खुले में कक्षाएं लगाकर आसमां को छूने की ख्वाहिशें पूरी करने की तैयारियां करवाई जा रही हैं, जहां हजारों बच्चे निशुल्क कोचिंग ले रहे हैं।



#### 1.50 लाख स्टूडेंट्स का हुआ रजिस्ट्रेशन

देव अमित ने बताया कि आईएएस, आरएएस और सीईटी की ऑफलाइन कक्षाओं के लिए 1.50 लाख स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है। वहीं, वर्तमान में करीब 2.5 हजार से स्टूडेंट्स दो शिफ्ट में मैरिज गार्डन में कोचिंग ले रहें हैं। उन्होंने बताया कि 80 फीट स्थित एक मैरिज गार्डन के ऑफलाइन बैच में आईएएस नीरज के पवन, आरएएस जीएल शर्मा, रमेश चंद्र मीणा, राजेंद्र शेखावत, हिमांशु माथुर कक्षाएं ले रहे हैं।

#### एक महीने में ही खाली करवा ली कक्षाएं

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 9 अप्रैल को एक पहल इंडिया योजना के तहत निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया था और राजस्थान विश्वविद्यालय के एपीटीसी सेंटर में 1 जून से कक्षाएं शुरू हुई थी। करीब एक महीने में ही विवि प्रशासन ने 27 जून को ही पत्र लिख सेंटर खाली करने के आदेश दिए थे। विश्वविद्यालय से भवनों के अभाव के चलते सेंटर के एक कमरे में केवल विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स के लिए ही ऑफलाइन कक्षाओं का समझौता हुआ। ऐसे में दूसरे बच्चों की कोचिंग का सहारा मैरिज गार्डन बना। एक पहल इंडिया के निदेशक देव अमित ने बताया कि 15 जुलाई के बाद से गार्डन में 2 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स निशुल्क शिक्षा ले रहे हैं। राजीव गांधी वेलफेयर सोसायटी की एक पहल योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों गरीब तबके के बच्चों के प्रशासनिक अधिकारी बनने के सपने को उड़ान दे रहे हैं। देव एक पहल योजना के माध्यम से आईएएस, आरएएस, सीईटी कोर्स की निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं।

#### 545 कॉलेजों में होगा ऑनलाइन प्रसारण

देव ने बताया कि ऑफलाइन कक्षाओं के लिए निशुल्क सरकारी भवन की मांग को लेकर सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन कक्षाओं के भवन मिलने के बाद कक्षाओं का ऑनलाइन प्रसारण प्रदेश के 545 महाविद्यालयों में भी किया जाएगा। वहीं, अभियान के तहत प्रदेश की 22 हजार सरकारी माध्यमिक- उच्च माध्यमिक स्कूलों में भी सिविल सर्विसेज की कक्षाओं का प्रसारण करेंगे।

## मंत्री-हेरिटेज मेयर ने साझा किया मंच

# प्रतापसिंह ने की महापौर की तारीफ, मुनेश बोलीं- मंत्री को फिर जिताएंगे




**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम में महापौर और अतिरिक्त आयुक्त के बीच पिछले महीने हुए विवाद को लेकर मंत्री प्रताप सिंह और महापौर के बीच जमीं तकरार की बर्फ रविवार को पिघल गई।

कभी सार्वजनिक मंच से हेरिटेज महापौर के कामकाज पर निशाना साधने वाले मंत्री प्रताप सिंह जहां उनके काम काज की जमकर तारीफ करते नजर आए, वहीं हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने मंत्री प्रताप सिंह को आने वाले चुनावों में फिर से जितवाने की बात कही। गौरतलब है कि हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के वार्ड 43 में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

अजमेर रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में मंत्री और मंत्री प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान खाचरियावास ने काफी समय बाद मंच से महापौर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हेरिटेज महापौर एक बहादुर लीडर हैं। वहीं महापौर ने कहा कि खाचरियावास को इस बार भी उनका वार्ड ही उन्हें जिताने में नम्बर वन आएगा।

#### लम्बे समय बाद दोनों का साथ चर्चा में

इससे पहले मीटिंग में लोगों को निमंत्रण देने के लिए महापौर ने अपने वार्ड का नंगे पैर दौरा किया और सभी को मीटिंग में आने के लिए कहा। कार्यक्रम में जब मंत्री प्रताप सिंह भी आए और महापौर मुनेश ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया तो कार्यक्रम में मौजूद हर कोई अचंभित रह गया। लोगों में चर्चा थी कि नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा और महापौर के बीच हुए विवाद के बाद से ही मंत्री प्रताप सिंह और महापोर के बीच भी टकराव हो गया था। सार्वजनिक मंच से भी मंत्री कई बार महापौर के कामकाज पर सवाल उठा चुके थे। महापौर ने भी अपने ही वार्ड की बच्ची को लेकर सियासत करने पर मंत्री प्रताप सिंह को खुलेआम सामने आकर लड़ने की चुनौती दे दी थी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## जलदाय मंत्री ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

# मंदिरों में सत्संग भवन बनाएंगे जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने रविवार को हवामहल क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों का दौरा भी किया और लोगों की समस्याएं भी सुनी। मंत्री जोशी ने वार्ड 23, 19, 18, 17, 16, 6,7,15 में सीसी रोड और सड़क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया।

वार्ड 17 में इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का लोकार्पण भी किया। साथ ही वार्ड 7 में राजीव गांधी विद्यालय में भवन निर्माण का शिलान्यास किया। महेश जोशी ने स्थानीय लोगों की मांग पर कई वार्डों के मंदिरों में सत्संग हॉल के निर्माण कराने की घोषणा की।



जलदाय मंत्री जोशी ने वार्ड 10 में टिबेश्वर महादेव में सत्संग भवन निर्माण के लिए 10 लाख, वार्ड 18 में पशुपति नाथ मंदिर के लिए 5 लाख, वार्ड 17 के सर्वेश्वर धाम मंदिर के लिए 8 लाख, वार्ड 16 में टिबेश्वर महादेव मंदिर के लिए 19 लाख रूपए देने की घोषणा की।

वार्ड 16 पार्षद सुरेश शर्मा सहित अन्य पार्षदों ने मंत्री जोशी का आभार प्रकट किया।

### अग्रवाल समाज का महाकुंभ: मंत्री बोले- बनेगा अग्रसेन कल्याण बोर्ड



*जयपुर। विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को अग्रवाल समाज का महाकुंभ हुआ। इसमें हजारों लोगों ने आगामी चुनावों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, व्यापारी कल्याण आयोग बनाने समेत कई मांगें रखी। यहां तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि- मैं विश्वास दिलाता हूं कि अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत करूंगा। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहला काम आयोग के गठन का होगा। दूसरी तरफ महाकुंभ में चोरों ने भी अपना करतब दिखाया और यहां से आधा दर्जन से अधिक फोन चोरी कर लिए। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस देर रात तक सीसीटीवी खंगालती रही।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

## कलाकारों ने लगाए सरकारी तंत्र पर आरोप


# कार्यक्रमों में परफोर्म का समय पर नहीं मिल रहा पैसा!

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के कलाकार समय पर सरकारी भुगतान नहीं होने के कारण गुस्सा हैं। उनके अनुसार इससे उनको परफॉर्म करने में परेशान होने के साथ निजी जीवन में भी कष्ट उठाने पड़ रहे हैं। ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों की बात करें तो उनकी सबसे बड़ी समस्या आर्थिक स्थितियों से जुड़ी है। उनके अनुसार सरकारी कार्यक्रमों में कलाकार हिस्सा लेते हैं, लेकिन ज्यादातर कलाकारों को समय पर भुगतान नहीं होता है।

#### पत्र लिखकर बताई परेशानी

कलाकारों ने पिछले साल इन्हीं परेशानियों के चलते कला मंत्री के साथ प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ को पत्र लिखा था। इसके बाद कलाकारों के लिए कई नीतियां आई और बजट घोषणा में कलाकारों को प्रतिवर्ष ₹5000 देने का प्रावधान दिया गया, जिससे कलाकार वाद्य खरीद सके। साथ ही 100 दिन स्टेज शो करने का प्लेटफॉर्म था। इसके बाद भी भुगतान से जुड़ी परेशानियां जारी हैं।



#### ये भी लगाए आरोप

कला सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मेकअप आर्टिस्ट की भुगतान राशि पहले से तय नहीं की जाती। बल्कि प्रोग्राम के आयोजक इच्छा अनुसार कार्यक्रम के बाद भुगतान करते हैं। जवाहर कला केंद्र समर कैंप में मुख्य कलाकारों को प्रति दिन 1500 और साथी कलाकारों को 1000 सुशीषित के बाद भी कुछ कलाकारों को भुगतान नहीं किया। विभागीय अधिकारियों का सहयोग है, लेकिन ट्रेजरी, रिटायर्ड बाबू और प्राइवेट आयोजकों की समस्या जारी है।

#### कहते हैं ट्रेजरी में धीमी रफ्तार की बात

कलाकारों के अनुसार पर्यटन विभाग और जवाहर कला केंद्र का कहना है कि भुगतान के लिए आवेदन आगे दिया गया है, लेकिन ट्रेजरी में रफ्तार धीमी है। आर्टिस्ट लोगों ने आरोप लगाया कि प्रमुख शासन सचिव के आदेश के बाद भी कई बाबू-अधिकारी कलाकारों को लगातार परेशान कर रहे हैं।

#### तीन-तीन माह बाद तक भी सुनवाई नहीं

कलाकारों ने बताया कि सुनवाई में हर बार 2 से 3 महीने बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकारी तंत्र की वजह से मनोबल टूट रहा है। प्रस्तुति में उत्साह नहीं बनता है।

## युवा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

# चुनावों में बाहरी प्रत्याशी का विरोध करेगी महासभा




**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से रविवार को दिल्ली रोड स्थित निम्स यूनिवर्सिटी में युवा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाबाई ने कहा कि दोनों पार्टियां आगामी विधानसभा चुनावों में अगर बाहरी प्रत्याशी को टिकिट देगी तो महासभा उसका विरोध करेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महासचिव बच्चू सिंह बैसला, कार्यकारी अध्यक्ष कामनी गुर्जर ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला अध्यक्ष मनीषा गुर्जर, सामूहिक समिति विवाह के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप सराधना, महामंत्री रामअवतार बड़िया, राष्ट्रीय सचिव हिमांशु गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### कामना पूरी हुई तो नाव में बैठ कर किया सुंदरकांड



**अजमेर।** जिले के फतहसागर झील पानी से लबालब होने की खुशी में नीम फाउंडेशन की ओर से नौका विहार करते हुए सुंदरकांड पाठ किया गया। संस्था की फाउंडर रोशनी बारोट ने बताया कि पूर्व में जब फतह सागर झील खाली थी, तब इसके भरने की कामना के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था। इस बार फतहसागर के छलकने की खुशी में सुंदरकांड पाठ नौका विहार करते हुए किया गया है। इस बार फतहसागर भरने के साथ ही पवित्र पुरुषोत्तम मास होने से भक्तों का यह आनंद दुगना हो गया है।

### ट्रक का टायर फटने से बूंदी के जवान की मौत

**बूंदी।** पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में हवा भरने के दौरान टायर फटने से सेना का वाहन हादसे का शिकार हो गया। हादसे में बूंदी निवासी जवान कालू लाल नागर की मौत हो गई। जवान की पार्थिव देह मंगलवार तक गांव पहुंचेगी, इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार हादसे में हिण्डोली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छाबड़ियों का नया गांव की ढाणी हनुमानपुरा निवासी जवान कालू लाल नागर (26) पुत्र दुर्गा लाल नागर सेना में ट्रक ड्राइवर था। जवान का भारतीय सेना में 2019 में चयन हुआ था। ड्यूटी के दौरान शनिवार देर रात सेना के वाहन का टायर हवा भरने के दौरान फट गया। जिसमें जवान कालूलाल नागर के सिर में गंभीर चोट आई।

### 2.50 लाख रुपए की ठगी का शातिर आरोपी गिरफ्तार



**कोटा।** बैंक कर्मचारी बनकर ठगी की वारदातें करने वाले एक शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि भीमगंज मंडी थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने भोपाल के पिपलानी थाना इलाके के छत्रसाल नगर फेज-2 निवासी बृजकुमार वाधवानी को संदिग्ध हालात में रेलवे स्टेशन के पास से डिटेन किया। उससे पूछताछ में पता चला कि जोधपुर में एसबीआई बैंक का फर्जी बैंक कर्मचारी बनकर इसने तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने कई और वारदातें करना कबूल किया है।

---

**दौसा में श्रद्धालुओं की कार पलटी,** सीकर में नीमकाथाना-कोटपूतली रोड पर हुई दो बाइक की टक्कर

# दो सड़क हादसों में गई चार लोगों की जान, 7 गंभीर घायल

**बेधड़क** | दौसा

प्रदेश के दो जिलों में शनिवार की रात अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की जान चली गई। वहीं सात लोग गंभीर घायल हो गए। दौसा में खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटने से दो लोगों की मौत हो गई तो उधर सीकर में दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो दोस्तों की सांसें थम गई।

जानकारी के अनुसार दौसा जिले में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा दौसा के कालाखोह गांव के पास हुआ। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिनमें से 2 को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया।

कार सवार लोग यूपी के इटावा जिले से खाटूश्यामजी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। दौसा पुलिस के अनुसार यह हादसा शनिवार रात करीब 3 बजे हुआ। हादसे के बाद घायल हुए लोगों में चीख-पुकार मच गई। हाईवे पर कार पलटने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राधा (18) पुत्री ओमप्रकाश निवासी इटावा, काव्या (14) व यश (5) निवासी भिंड एमपी, वैभव (35), भगवती (60) व वृसनी (30) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने इटावा निवासी राधा और भगवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं एमपी के भिंड निवासी यश व काव्या को जयपुर रेफर किया गया।



### चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

सदर थाने के एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि कार सवार सभी लोग खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान कार चालक को नींद की झपकी आने से कालाखोह होटल के पास कार बेकाबू होकर पलट गई। कार सवार सभी लोग रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है।

### बर्थ-डे पार्टी से पहले हो गए हादसे का शिकार

**सीकर।** जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा नीमकाथाना- कोटपूतली रोड पर भराला मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सुरेंद्र सिंह (28) पुत्र रतनसिंह लादिया निवासी लादिया चीपलाटा और दूसरी बाइक पर सवार दिनेश राव पुत्र मामराज राव पाटन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दिनेश अपने दो दोस्त प्रथम टेलर (22) और मनीष मेहरा (25) के साथ बाइक से पाटन जा रहा था। शनिवार को प्रथम का जन्मदिन था और वे दोस्तों के साथ बर्थ-डे मनाने की प्लानिंग कर रहे थे। वहीं सुरेंद्र सिंह अपने साथी विक्की यादव (24) के साथ बाइक से नीमकाथाना आ रहा था। इसी दौरान भराला मोड़ पर दोनों बाइक की भिड़ंत हो गई। वहां से गुजर रहे पाटन तहसीलदार मुनेश सिर्वा ने घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए।

---

**वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए** किया लोकार्पण और शिलान्यास

# सूर्यनगरी को 139 करोड़ के विकास कार्यों की मुख्यमंत्री ने दी सौगात

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सूर्यनगरी के वाशिंदों को 139 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। रविवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने 308 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये विकास कार्य सरदारपुरा, सूरसागर, जोधपुर शहर और लूणी विधानसभा क्षेत्रों के कराए जाएंगे।

इन कार्यों के तहत सीएम ने लोक कलाकारों के आवास के सपनों को साकार करने के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लोक कला नगर आवासीय योजना, चौखा की आवेदन पुस्तिका का विमोचन भी किया। गहलोत ने समारोह में कहा कि प्रदेश के हर जिले में बहुआयामी विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। जोधपुर में सुगम, सुरक्षित सड़कों के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सरंचनाओं का मजबूती से विस्तार किया जा रहा है।

इस शहर का हर नजरिए से तेजी से विकास हुआ है, जिससे यह शहर देश में अग्रणी और विशेष पहचान बना चुका है। देश में जोधपुर एकमात्र ऐसा जिला है, जहां सभी तरह की विश्वस्तरीय संस्थाएं एक साथ संचालित हैं। यहां एम्स, राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल, आयुर्वेद, विधि और पुलिस विश्वविद्यालय सहित सभी प्रमुख इंस्टीट्यूट हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोधपुर में पिछले चार साल में जनकल्याणकारी विकास कार्य हुए हैं। भविष्य में भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी।




### चिरंजीवी और महंगाई कैंप से राहत

सीएम गहलोत ने कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए का निशुल्क इलाज और राज्य के बाहर भी ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा दी जा रही है। वहीं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में तीन लाख से अधिक बच्चों का प्रवेश लेना उज्ज्वल भविष्य की एक तस्वीर बनाता है। महंगाई राहत कैंपों में 1.93 करोड़ परिवार रजिस्ट्रेशन कराकर 100 यूनिट निशुल्क घरेलू बिजली, 2000 यूनिट निशुल्क कृषि बिजली तथा 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### जनता ने जताया आभार

समारोह में जोधपुरवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड बनाने के लिए सीएम का आभार जताया। उन्होंने सीएम के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की मांग पर महामंदिर में बन रही पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की भी घोषणा की। समारोह में विधायक मनीषा पंवार, महापौर कुंती देवड़ा परिहार, उप महापौर अब्दुल करीम जानी, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इन कार्यों से बढ़ी आमजन सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जोधपुर में पिछले चार साल में जो कार्य हुए हैं उनसे आम आदमी की सुविधा बढ़ी है। इनमें 59 प्राथमिक विद्यालय, 75 महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आठ महाविद्यालय और दो विश्वविद्यालय खोले गए हैं। वहीं 163 प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक और 4321 माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक में अपग्रेड किया गया है। यहां 32 आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, पांच ब्लॉक आयुष हॉस्पिटल, 99 सब-सेंटर, दो उपजिला अस्पताल, पांच जिला अस्पताल और दो सेटेलाइट अस्पताल खोले गए हैं। साथ ही कई पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड किया गया है। चिकित्सा शिक्षा में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान और डेंटल कॉलेज भी खोला गया है। एमबीबीएस की 250 सीटें बढ़ाई गई हैं। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा में 1894 करोड़ रुपए व्यय कर जरूरतमंदों को संबल प्रदान किया गया है। सात औद्योगिक क्षेत्र खोलने के साथ 289 भूखंड आवंटित किए गए हैं। जोधपुर में नया वेद विद्यालय, मारवाड़ मेडिकल विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय की घोषणा इसी बजट में की गई है।

---

**करंट से मौत का आरोप**

# झूला झूलते बच्चे की मौत, आयोजकों पर मामला दर्ज



**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

जिला मुख्यालय के आवासन मंडल स्थित स्काउट मैदान पर लगे मेगा ट्रेड फेयर मेले में शनिवार रात बटर फ्लाई झूले में बैठने के दौरान एक बच्चे की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे सामान्य चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्चे रिदम शर्मा के मौत की बात सुनते ही परिजनों के होश फाख्ता हो गए। बच्चे के परिजनों का आरोप है कि बच्चा मेले में बटर फ्लाई झूले में बैठा था। तभी बच्चे को करंट लगा। इससे उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान बच्चे के साथ बैठे उसके बुआ के बेटे को भी करंट लगा था। वहीं, मेला संचालकों का कहना है कि बच्चे को झूले में करंट नहीं लगा।

किसी अन्य कारण से ही बच्चे की मौत हुई है। मामले की शिकायत परिजनों ने कोतवाली थाने में दी और मेला संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। उधर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। बहरहाल चिकित्सकों ने करंट लगने से मौत की पुष्टि नहीं की है। इससे पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

---

**तिजारा में उपनेता प्रतिपक्ष पूनियां** ने जनसभा को किया संबोधित

# लव-लैंड जिहाद पर सरकार चुप क्यों!

**बेधड़क** | अलवर

जिले के तिजारा में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित जनसभा को नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अलवर का यह वही इलाका है जहां मॉब लिंचिंग में हरीश जाटव और योगेश जाटव की भी हत्या कर दी जाती है। मेवात के इस इलाके में किस तरीके से लव जिहाद और लैंड जिहाद को पनपाया जा रहा है।

क्या राजस्थान की कांग्रेस सरकार यह सब नहीं दिखता। उन्होंने कहा यह सरकार किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, और महिला विरोधी सरकार है, जो पेपर लीक और किसानों की आत्महत्याओं की दोषी है। उन्होंने कहा आज सुखद संयोग है कि भारत माता के लाल चंद्रशेखर आजाद की जयंती है और अमर सेनानी बाल गंगाधर तिलक की भी जयंती है। इस मौके पर मैं आज श्रद्धा से याद करना चाहूंगा स्वर्गीय जगमाल यादव को। मैं उस समय युवा मोर्चा में काम करता था, जगमाल सिंह यादव और जगत सिंह ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत के साथ मिलकर राष्ट्रवाद की सरकार बनाने और बचाने का बीड़ा उठाया था। मुझे अच्छे तरीके से याद है कि गठबंधन की सरकार थी। भाजपा के सदस्य भी जीते थे, जनता दल के सदस्य भी जीते थे, लेकिन गठबंधन की सरकार को सफलता से कैसे चलाया जाए यह उदाहरण भैरों सिंह शेखावत ने पेश किया और उनकी मदद करने का काम जगमाल सिंह यादव और जगत सिंह ने किया।



उन्होंने किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कार्यक्रम में विधायक संजय शर्मा, मंजीत चौधरी, पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व मंत्री हेम सिंह बढ़ाना, पूर्व प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, उम्मेद सिंह, संदीप दायमा, रामकिशन मेघवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

**रातभर पानी में पड़े रहे शव,** ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना

# सड़क किनारे बने गड्ढे में डूबने से चाचा-भतीजे समेत 3 की मौत

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के शिकार हुए सभी युवक झालावाड़ जिले के बकानी क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। मरने वालों में कालू लाल और कमलेश चाचा-भतीजे थे। जानकारी के अनुसार भानपुरिया गांव निवासी प्रकाश (24) पुत्र मांगीलाल लोधा, कमलेश (22) पुत्र धन्नालाल लोधा और कालूलाल (39) पुत्र भूरालाल लोधा शनिवार देर शाम अपने गांव से मध्य प्रदेश के पिपलिया कुल्मी गांव जा रहे थे।

इस दौरान रास्ते में सुंदरपुरा-पिपलिया गांव के बीच बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और इनकी अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। गड्ढे में पानी भरा होने के कारण तीनों डूब गए। तीनों के शव रातभर पानी से भरे गड्ढे में पड़े रहे। रविवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखे तो पुलिस को सूचना दी।

### सर्दियों में होनी थी कमलेश की शादी

ग्रामीणों ने बताया कि प्रकाश की शादी 4 साल पहले हुई थी और उसके एक ढाई साल का लड़का भी है। वहीं कमलेश की सगाई हो चुकी थी और सर्दियों में उसकी शादी भी तय कर दी गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रकाश और कमलेश बकानी में एक साड़ी की दुकान पर काम करते थे, जबकि कालू लाल मजदूरी करता था। तीनों के शव गांव में पहुंचे तो माहौल गमगीन हो गया।

---

**बिलौंची गांव में स्थित है हजारों वर्ष प्राचीन मंदिर**

# राजकुमार की तपस्या से प्रसन्न हो प्रकटे थे भगवान निर्वाणनाथ महादेव

**नरेन्द्र दोतोलिया** | बेधड़क

**जयपुर।** शहर से उत्तर दिशा में 35 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-8 पर ग्राम पंचायत बिलौंची के राजस्व गांव कालीघाटी में करीब 3 हजार वर्ष प्राचीन निर्वाणनाथ महादेव मंदिर आज भी लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुई है।

इस मंदिर के कारण ही इस गांव का नाम शिवशंकरपुरा था। पूर्वकाल में समीपस्थ क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र यही था। आज भी यहां प्राचीन सभ्यता के अवशेष खण्डहर स्वरूप देखे जा सकते हैं। इसी कालीघाटी में अरावली पर्वत श्रृंखलाओं से घिरी हुई तथा घने पलास और अन्य वृक्षों से आच्छादित एक छोटी पहाड़ी पर विशाल वटवृक्ष के नीचे भगवान निर्वाणनाथ महादेव का अत्यन्त प्राचीन मन्दिर स्थित है।

यद्यपि इसके इतिहास के सम्बन्ध में कोई निश्चित आधार नहीं है, तथापि लोक प्रचलित मान्यताओं के अनुसार आज से हजारों वर्ष पूर्व खण्डेला (सीकर) के किसी राजपुत्र ने किसी महात्मा से दीक्षा लेकर इसी पहाड़ी पर भगवान शंकर की कठोर तपस्या की थी।

तपस्या से प्रसन्न भगवान आशुतोष के दर्शन प्राप्त कर राजपुत्र ने यहां जीवित समाधि ले ली थी। इसी समाधि के ऊपर शिवलिंग स्थापित है। आज भी द्वादश शिवलिङ्गों के समीप ही समाधि स्थल हैं तथा भक्त शिवलिगों के साथ समाधिस्थल की भी पूजा करते हैं। कहा जाता है कि यहां राजकुमार की कठोर तपस्या के बाद शिवलिंग स्वयं प्रकट हुआ था। लाल पाषाण से बने एक ही शिवलिंग में छोटे-छोटे द्वाद्वश शिवलिंग के दर्शन करना भक्तों के लिए अनूठा अनुभव रहता है। माना जाता है कि भगवान शिव की यह प्रतीमा देशभर में अत्यन्त दुर्लभ है। खण्डेला के राजपुत्र को यहां मोक्ष की प्राप्ति हुई। इस आधार पर भगवान शंकर का नाम निर्वाणनाथ प्रसिद्ध हुआ।



शिवभक्तों की मान्यतानुसार भगवान शिव के प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों के दर्शन यहां एक ही शिवलिंग में हो जाते हैं। इस शिवलिंग की एक खासीयत यह भी है कि इसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश की तीनों प्रतिमा भी मौजूद है।

### असाध्य बीमारियों से मिलती है मुक्ति

मन्दिर के बारे में मान्यता है कि जिन्हें संतान की लम्बे समय तक प्राप्ति नही होती उन्हें यहां निरन्तर पूजा-अर्चना से संतान की प्राप्ति होती है। वहीं इस मंदिर में अनेक गंभीर असाध्य रोगों से भी मुक्ति मिलती है। यहां अनेक केंसर व अन्य बीमारी से मरीज ठीक हुए हैं। ग्राम बिलोंची निवासी पण्डित रामस्वरूप दोतोलिया ने बताया कि भगवान निर्वाणनाथ का यह मंदिर आस-पास के क्षेत्र में आस्था का केंद्र रहा है। विगत 80 वर्षो से देखता आया हूं कि यहां पर जो भी कोई व्यक्ति भगवान से याचना करने आया वह खाली हाथ नही लौटा। यहां सैकड़ो वर्षो से निरन्तर वेदपाठ होता आया है। यहां पर वेद मंत्रों की ध्वनि गूंजती रही है, जिसके यह क्षेत्र पावन हो गया है। इस मंदिर में लोग रोग निवारण की कामना से आते रहे हैं।

### शिव मन्दिर में उमड़ती है भक्तों अपार आस्था

भगवान निर्वाणनाथ मंदिर में प्रति भक्तों की अपार आस्था देखने को मिलती है। प्राचीन शिवलिंग के दर्शन के लिए यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। श्रावण मास में यहां लगातार सहस्त्रघट, रुद्राभिषेक, पूजा-अर्चना का आयोजन होता रहता है। मंदिर में बिलोंची, कालीघाटी सर ईशरावाला, पोखरियावाला, चौंप, बगवाड़ा, भीवपुरा, दौलतपुरा छापराड़ी, जैतपुर खींची, कांट, सांगावाला, ताला मोड़, स्यारी, अणी, कालवाड़, सींगवाना, कचरावाला श्रीगोवन्दपुरा घटवाड़ी, जाटावाली, बांसा, चीथवाड़ी, मोरिजा, चौमूं सहित आस-पास के दर्जभन गांवो से जयपुर सहित दूर-दराज के क्षेत्र से दर्शन के लिए श्रद्धालु यहां आते हैं। मन्दिर में के समीप ही प्राचीन धूणा भी है जिस पर निरन्तर ज्योत जलती रहती है।

## एआई का जाने क्या है इरादा...

### नफा कम नुकसान हो रहा ज्यादा




# ठगी का नया टूल बना AI

- साइबर क्रिमिनल के लिए बन रहा मददगार
- वॉयस क्लोनिंग करके लूट रहे लोगों को
- लगा रहे बैंक अकाउंट में चूना

एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस.. कहते हैं ये बड़े काम की चीज हैं, इंसान का काम हल्का कर देगी। बस एक आदेश देने भर की देर है, चुटकियों में काम होता नजर आएगा। एआई के फायदों के साथ ही इसके आने वाले खतरों पर भी चर्चा शुरू हो गई थी। यह चर्चा अब हकीकत बनती नजर आ रही है। साइबर क्राइम में एआई का इस्तेमाल होने लगा है। इतनी सफाई से एआई के जरिए लोगों को बेवकूफ बनाकर ठगा जा रहा है कि उन्हें अंदाज भी नहीं लग रहा कि वे ठगे जा चुके हैं। अमेरिका, चीन से लेकर अब भारत में भी ऐसे में मामले सामने आने लगे हैं।



### सर्वे में भी आया सामने

जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन सिक्योरिटी फर्म मैक्केफी ने वॉयस स्कैम को लेकर एक सर्वे किया। सात देशों के 7054 प्रतिभागियों में से 1054 भारतीय थे। इनमें लगभग आधे लोगों ने स्वीकार किया कि वे स्वयं या उनका कोई करीबी वायस स्कैम का शिकार बन चुका है। यह ग्लोबल एवरेज 25% के दो गुने से थोड़ा ही कम है। इसके पीछे हमारी असावधानी, भावुकता और नासमझी एक कारण हो सकती है। भारतीय प्रतिभागियों में से 83% ऐसे थे, जो वॉयस स्कैम में फंसकर अपना धन गंवा चुके थे। इनमें करीब आधे को तो पचास हजार रुपए से ज्यादा की राशि से हाथ धोना पड़ा।

### बस तीन सेकंड की क्लिप की जरूरत

एआई का इस्तेमाल कर ऑनलाइन वॉयस स्कैम के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्कैमर को आपकी आवाज की सिर्फ तीन सेकंड की ऑडियो क्लिपिंग की जरूरत होती हैं। इसे लेकर वे एआई की मदद से आपकी आवाज में कोई भी आपात संदेश तैयार कर आपके मित्रों या रिश्तेदारों को भेजकर उनसे पैसों की मांग कर सकते हैं। उन्हें ऐसा लगेगा कि आपको लूट लिया गया है या आपकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है या आपका फोन अथवा पर्स गुम हो गया है। मित्र-परिचितों की बात तो छोड़ ही दीजिए, पति-पत्नी या माता-पिता तक धोखा खा जाते हैं कि उनका कोई अपना मुसीबत में है। मैकेफी के मुताबिक लगभग सत्तर फीसदी लोग पहचान ही नहीं पाते कि यह आवाज आपकी नहीं है। वे स्कैमर की बात पर यकीन कर लेते हैं।

## आवाज से यूं ठगते हैं


साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया तरीका अपनाया है। अब तक सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर पैसे मांगने वाले या फोन कर ओटीपी पूछने वाले यह अपराधी अब आपको आपका दोस्त बनकर फोन कर रहे हैं, इसके लिए ये एआई वॉयस क्लोनिंग टूल की मदद ले रहे हैं। ये टूल इतने सलीके से आवाज की नकल करता है कि आप खुद आवाज में अंतर नहीं कर पाते और ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसमें साइबर अपराधी सबसे पहले शिकार चुनते हैं, फिर उसके नाते रिश्तेदार या दोस्त की पहचान की जाती है। एआई टूल्स की मदद से उसकी वॉयस क्लोनिंग करते हैं और फिर परिचित की आवाज में फोन करके ये बताते हैं कि उनका एक्सीडेंट हो गया, पर्स चोरी हो गया, या वो किसी बड़ी मुसीबत में हैं, इसलिए उन्हें कुछ मदद चाहिए। कई बार तो ये अपराधी पीड़ित का बेटा-बेटी, पति या पत्नी बनकर कार्ड की डिटेल भी पूछ लेते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को किसी भी आवाज की नकल करने के लिए सिर्फ 3 सेकंड का वीडियो चाहिए होता है, ये स्कैमर लोगों के फेसबुक, इंस्टाग्राम या यू-ट्यूब की मदद से वॉयस सैंपलिंग कर लेते हैं। ये वॉयस क्लोनिंग टूल ऑनलाइन मिल जाते हैं। खास बात ये है कि ये पूरी तरह फ्री हैं, इनसे किसी भी आवाज की कॉपी की जा सकती है। एक सर्वे के मुताबिक तकरीबन 75 फीसदी लोग एआई वॉयस क्लोनिंग और नेचुरल आवाज में अंतर नहीं पहचान पाते।

## अति सक्रियता पड़ रही है भारी

स्मार्ट और सस्ता डेटा होने की वजह से बच्चे, बूढ़े और जवान सभी दिनभर सोशल मीडिया में सक्रिय रहते हैं। एक सर्वे के अनुसार 86 फीसदी भारतीय सप्ताह में एक बार अपना डाटा ऑनलाइन साझा करते हैं। टिक टाक और दूसरे प्लेटफॉर्म से भी ठगों को लोगों की आवाज का डाटा मिल जाता है। बड़ी आबादी और जागरूकता में कमी की वजह से भारत साइबर ठगों की सबसे बड़ी मंडी बन गया है। इस तरह के स्कैम से बचने के लिए ग्राहकों को सभी प्लेटफॉर्म में एक जैसे लॉगिन और क्रेडेंशियल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। समय-समय पर पासवर्ड भी बदलने की जरूरत रहती है।

## आसानी से कर लेते हैं भरोसा


एक अन्य मामले में कुछ समय पहले जाने माने कैनेडियन रैपर ड्रेक का एक गीत 'हर्ट ऑन माई स्लीव' एप्पल और स्पॉटीफाई जैसे म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ तो उसे जबर्दस्त हिट मिले। बाद में यह सामने आया कि यह गाना ड्रेक ने नहीं गाया, बल्कि एक एआई प्रोग्राम की मदद से जनरेट किया गया है तो उसे सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया। एआई द्वारा कूटरचित इस तरह के स्कैम पर लोग आसानी से भरोसा कर लेते हैं। पिछले साल लंदन की रॉयल हॉलवे यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर मैनोस से किरिस ने इस बारे में एक गहन शोध किया था। उनका कहना है कि कम्प्यूटर रचित ये तस्वीरें हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। इन तस्वीरों की रचना वास्तविक लोगों के चेहरों के डाटाबेस को आधार बनाकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जाती है। इनका इस्तेमाल कर किसी को भी फंसाया जा सकता है। यूके की एक शोध कंपनी जुनिपर रिसर्च का अनुमान है कि साल 2024 तक एआई पॉवर्ड वर्चुअल वॉयस असिस्टेंटों की संख्या 8.4 अरब हो जाएगी। यानी धरती पर इंसानों की कुल आबादी से भी ज्यादा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रचित व्यक्तियों की संख्या भी लाखों में है। ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन बहुत दूर नहीं, जब आभासी स्त्री-पुरुष हमारे पूरे जीवन को नियंत्रित-निर्देशित करते नजर आएंगे।



## केरल में जानकार बनकर ठगा

केरल में कुछ इसी तरह का मामला सामने आया था जिसमें अज्ञात व्यक्तियों ने एआई आधारित उपकरणों की मदद से एक व्यक्ति से 40,000 रुपए की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने पीड़ित से व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया था। केरल पुलिस की साइबर शाखा ने कहा कि लेनदेन का पता लगाया गया और संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर खाते से लेनदेन पर रोक लगा दी गई। कोझिकोड में रहने वाले राधाकृष्णन को एक पूर्व सहकर्मी का वीडियो कॉल आया जो आंध्रप्रदेश में उनके साथ काम करता था। साइबर शाखा ने बताया कि ठगों ने एआई आधारित वीडियो कॉल कर उनका मित्र बनकर पैसों की मांग की। उन्होंने कहा कि जब उस व्यक्ति ने दोबारा पैसों की मांग की तो पीड़ित ने सीधे तौर पर अपने पूर्व कर्मचारी से संपर्क किया जिससे धोखाधड़ी का पता चला।

## इस तरह अकाउंट कर रहे हैं साफ



दूसरी तरफ इंटरनेट पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी वीडियो की भरमार है। इन वीडियो को क्लिक करने से आपका खाता खाली हो सकता है। दरअसल, इंटरनेट में कई ऐसे ऐप हैं, जिसमें आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बिना शूट किए वीडियो बना सकते हैं। ऐसे ही फ्री वीडियोज में हैकर्स कई तरह का लालच देते हैं, ताकि यूजर्स उन वीडियो को डाउनलोड कर सकें।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से वीडियो बनाने के बाद हैकर्स फिशिंग तकनीक या डेटा लीक का सहारा लेकर सोशल मीडिया यूजर्स के अकाउंट हैक करते हैं। उनके फॉलोअर्स को नए वीडियो का नोटिफिकेशन मिलता है। इन वीडियोज में किसी न किसी तरह का लालच होता है, इसलिए कई फॉलोअर्स वीडियो डाउनलोड कर लेते हैं। इसी तरीके से हैकर्स के पास डेटा पहुंचता है। इन वीडियो में स्टील मालवेयर होता है, जिसके जरिए जालसाज डेटा हासिल कर लेते हैं। साइबर एक्सपर्ट मानते हैं कि एआई आने वाले दिनों में इंसानों की लाइफ पूरी तरह से बदल देगा। हालांकि, ये टेक्नॉलोजी अपने साथ फायदे के साथ-साथ कई चुनौतियां लेकर भी आ रही है। इनमें से एक बड़ा चैलेंज है साइबर ठगी। साइबर ठग अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अकाउंट से आपकी कमाई पर सेंध लगा रहे हैं, इसलिए सावधान रहें।



## हेल्पलाइन नंबर-1930 पर करें संपर्क

अगर इस तरह की ठगी के शिकार होने का आभास हो जाए तो पैसे ट्रांसफर करने से पहले पूरी तहकीकात करना जरूरी है। साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराने के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। समय पर शिकायत करने पर ठगों के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं हो पाते और पीड़ित व्यक्ति को पैसे वापस मिलने की उम्मीद रहती है।

## ऐसे बरतें सावधानी

- ऑनलाइन जॉब का ऑफर देने वालों से अलर्ट रहें।
- एप व लिंक को वेरीफाई करने के बाद ही उस पर क्लिक करें।
- अनजान शख्स के साथ अपनी पर्सनल डिटेल शेयर न करें।
- ऑनलाइन जॉब की बात कहकर अगर कोई रुपए जमा करवाए तो समझ लें कि वह जालसाज है।
- अनजान वीडियो पर कभी क्लिक न करें।
- अगर वीडियो पर क्लिक करें तो कैमरे पर फिंगर टिप के साथ करें।

### गलत साबित हुई भू-वैज्ञानिकों की धारणा

# राजस्थान में भूगर्भीय हलचल



शैलेंद्र चौहान
स्वतंत्र टिप्पणीकार




राजस्थान के भूकंप से सुरक्षित रहने की भू-वैज्ञानिकों की धारणा गुरुवार रात को उस समय टूट गई, जब अरावली के पहाड़ पांच बार कांप उठे। तेज आवाज के साथ आए धरती के कंपन से लोग भयग्रस्त हो गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार जयपुर में 21 जुलाई को तड़के 4:09 से 4:31 बजे के बीच तीव्र झटके महसूस किए गए। कुछ ही देर में पूरा शहर सड़क पर आ गया। भूकंप का केंद्र जयपुर से साउथ वेस्ट में करीब 4 किमी दूर एवं जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। गनीमत यह रही कि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान नहीं हुआ। भूकंप के साथ विस्फोट जैसी आवाज भी सुनाई दी।

इससे पहले 14 जुलाई को भी शाम 7 बजकर 54 मिनट पर पांच किमी की गहराई से भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 2.7 थी। इसका पता तक नहीं चला। राजस्थान जोन-2 में शामिल है और यह सबसे कम खतरे वाला जोन है, लेकिन अरावली पहाड़ की दरारों में हलचल हो रही है और जयपुर के 70 किमी के क्षेत्र में फैली दरारों में पैदा हो रही एनर्जी के कारण भूकंप आने की संभावना अभी बनी हुई है। भूकंप पृथ्वी का उपपठारीय चट्टानों के टूटने या खिसकने से अचानक होने वाला तीव्र कंपन है। भू-गर्भशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय टैक्टोनिक प्लेट के यूरेशियन टैक्टोनिक प्लेट (मध्य एशियाई) के नीचे दबते जाने के कारण हिमालय बना है। पृथ्वी की सतह की ये दो बड़ी प्लेटें करीब चार से पांच सेंटीमीटर प्रति वर्ष की गति से एक दूसरे की ओर आ रही हैं।

भारतीय टैक्टोनिक प्लेट 1.6 सेमी प्रतिवर्ष ऊपर जा रही है। इन प्लेटों की गति के कारण पैदा होने वाले भूकंप की वजह से ही एवरेस्ट और इसके साथ के पहाड़ ऊंचे होते गए। हिमालय के पहाड़ हर साल करीब पांच मिमी ऊपर उठते जा रहे हैं। भू-गर्भवेत्ताओं का कहना है कि भारतीय प्लेट के ऊपर हिमालय का दबाव बढ़ रहा है। मुख्यतः इस तरह के दो या तीन फॉल्ट हैं। इन्हीं में किसी प्लेट के खिसकने से यह ताजा भूकंप आया है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि 7.9 तीव्रता का बड़ा भूकंप है और वैज्ञानिक ऐसे किसी बड़े भूकंप का पहले से ही अनुमान लगा रहे थे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि यह कब आएगा। सिंगापुर स्थित नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी की अर्थ ऑब्जरवेटरी से जुड़े पॉल टाप्पिओनियर के अध्ययन के मुताबिक, काठमांडू में 1255 और 1934 में आए भूकंप अभूतपूर्व यानी ऐसे थे, जिनसे भूमि की ऊपरी परत फट गई थी। ऐसे में दबी हुई ऊर्जा भूकंप के रूप में उभरती है। 1934 में नेपाल के भूकंप स्थल के पश्चिम या पूर्व में भूमि फटने के कारण भूकंप आने संबंधी रिकॉर्ड नहीं मिले हैं। इस इलाके में पिछले पांच सौ सालों से प्लेटों के बीच तनाव बढ़ रहा था। वैज्ञानिक आठ से अधिक तीव्रता के भूकंप की आशंका जता रहे थे। अगर इसकी तीव्रता आठ तक होती तो इसका असर दिल्ली तक होता। बड़े से बड़े भूकंप में भी नुकसान के शुरुआती आंकड़े बहुत कम होते हैं और बाद में ये बढ़ते जाते हैं। आशंका इस बात की है कि इस भूकंप के मामले में भी मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा होगी। कारण यह है कि इस भूकंप का केंद्र बहुत उथला यानी केवल 10 से 15 किमी नीचे था। इसके कारण सतह पर कंपन और गंभीर महसूस होती है। विनाशकारी भूकंप के बाद दो दिनों में कम से कम 40 हल्के झटके आए हैं। ऐसा होना स्वाभाविक ही है। इनमें से अधिकांश चार से पांच की तीव्रता के थे। इसमें एक 6.6 तीव्रता का भी झटका शामिल है। रिक्टर स्केल पर तीव्रता में हर एक अंक की कमी का मतलब है, बड़े भूकंप की तुलना में 30 फीसदी कम ऊर्जा का बाहर आना। नेपाल के उदाहरण से समझा जा सकता है कि जब इमारतें पहले से ही जर्जर होती हैं तो एक छोटे से छोटा झटका भी किसी ढांचे को जमींदोज करने के लिए पर्याप्त होता है।

> *सिंगापुर स्थित नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी की अर्थ ऑब्जरवेटरी से जुड़े पॉल टाप्पिओनियर के अध्ययन के मुताबिक, काठमांडू में 1255 और 1934 में आए भूकंप अभूतपूर्व यानी ऐसे थे, जिनसे भूमि की ऊपरी परत फट गई थी। ऐसे में दबी हुई ऊर्जा भूकंप के रूप में उभरती है। 1934 में नेपाल के भूकंप स्थल के पश्चिम या पूर्व में भूमि फटने के कारण भूकंप आने संबंधी रिकॉर्ड नहीं मिले हैं। इस इलाके में पिछले पांच सौ सालों से प्लेटों के बीच तनाव बढ़ रहा था। वैज्ञानिक आठ से अधिक तीव्रता के भूकंप की आशंका जता रहे थे। अगर इसकी तीव्रता आठ तक होती तो इसका असर दिल्ली तक होता। बड़े से बड़े भूकंप में भी नुकसान के शुरुआती आंकड़े बहुत कम होते हैं और बाद में ये बढ़ते जाते हैं।*

> *भूकंप से होने वाले नुकसान के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जैसे- घरों की खराब बनावट, खराब संरचना, भूमि का प्रकार, जनसंख्या की बसावट आदि। भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप का खतरा हर जगह अलग-अलग है। भारत को भूकंप के क्षेत्र के आधार पर चार हिस्सों, जोन-2, जोन-3, जोन-4 तथा जोन-5 में बांटा गया है।*

इस इलाके की अधिकांश आबादी ऐसे घरों में रह रही है, जो किसी भी भूकंप के लिए सबसे खतरनाक हैं। भूकंप के बाद एक और बड़ी आशंका भूस्खलन की होती है। यह संभव है कि इस पहाड़ी क्षेत्र में कोई गांव मुख्य आबादी से कट गया हो या ऊपर से गिरने वाले पत्थरों या कीचड़ में दफन हो गया हो। इससे मृतकों और घायलों की संख्या में बढ़ोत्तरी होना आम बात है। हिमालयी क्षेत्र में 1934 में बिहार में 8.1 तीव्रता का भूकंप आया था। वर्ष 1905 में 7.5 तीव्रता का भूकंप कांगड़ा (हिप्र) में आया और वर्ष 2005 में 7.6 तीव्रता का भूकंप कश्मीर में आया था।

नेपाल में शनिवार को आए 7.9 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि अब उत्तर भारत में भी समान तीव्रता का भूकंप आ सकता है। अहमदाबाद स्थित भूकंप अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक बी.के. रस्तोगी ने कहा कि समान तीव्रता का एक भूकंप आ सकता है। कश्मीर, हिमाचल, पंजाब और उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में यह भूकंप आज या आज से 50 साल बाद भी आ सकता है। इन क्षेत्रों में सिस्मिक गैप की पहचान की गई है। लंबी अवधि के दौरान टैक्टोनिक प्लेटों के स्थान बदलने से तनाव बनता है और धरती की सतह पर उसकी प्रतिक्रिया में चट्टानें फट जाती हैं।

दबाव बढ़ने के बाद 2000 किमी लंबी हिमालय शृंखला के हर 100 किमी के क्षेत्र में उच्च तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है। हमारी धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी हुई है, जिन्हें क्रमशः इनर कोर, आउटर कोर, मेंटल और क्रस्ट कहा जाता है। क्रस्ट और ऊपरी मेंटल को लिथोस्फेयर कहते हैं। पृथ्वी के ऊपर की ये 50 किमी की मोटी परत, कई वर्गों में बंटी हुई है, जिन्हें टैक्टोनिक प्लेट्स कहा जाता है। ये टैक्टोनिक प्लेट्स अपनी जगह से हिलती रहती हैं, लेकिन जब ये बहुत ज्यादा हिल जाती हैं तो भूकंप आ जाता है। उल्लेखनीय है कि ये प्लेट्स क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, दोनों ही तरह से अपनी जगह से हिल सकती हैं। इसके बाद वे अपनी जगह तलाशती हैं और ऐसे में एक प्लेट दूसरी के नीचे आ जाती हैं। इन प्लेट्स में होने वाली हलचल के भूगर्भीय परिणामों को भूकंप कहा जाता है।

भूकंप की तीव्रता मापने के लिए रिक्टर स्केल या पैमाना इस्तेमाल किया जाता है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। भूकंप की तरंगों को रिक्टर स्केल 1 से 9 अंकों की तीव्रता तक के आधार पर मापता है। रिक्टर स्केल को सन 1935 में कैलिफॉर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत वैज्ञानिक चार्ल्स रिक्टर ने बेनो गुटेनबर्ग के सहयोग से बनाया था। इस स्केल के अंतर्गत प्रति स्केल भूकंप की तीव्रता 10 गुना बढ़ जाती है और भूकंप के दौरान जो ऊर्जा निकलती है वह प्रति स्केल 32 गुना बढ़ जाती है। इसका अर्थ यह है कि 3 रिक्टर स्केल पर भूकंप की जो तीव्रता होती है, वह 4 स्केल पर 3 रिक्टर स्केल की 10 गुणा बढ़ जाएगी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 8 रिक्टर पैमाने पर आया भूकंप 60 लाख टन विस्फोटक से निकलने वाली ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है। भूकंप को मापने के लिए रिक्टर के अलावा मरकेली स्केल का भी इस्तेमाल किया जाता है, पर इसमें भूकंप को तीव्रता की बजाय ताकत के आधार पर मापते हैं। इसका प्रचलन कम है, क्योंकि इसे रिक्टर के मुकाबले कम वैज्ञानिक माना जाता है। भूकंप से होने वाले नुकसान के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जैसे- घरों की खराब बनावट, खराब संरचना, भूमि का प्रकार, जनसंख्या की बसावट आदि। भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप का खतरा हर जगह अलग-अलग है। भारत को भूकंप के क्षेत्र के आधार पर चार हिस्सों, जोन-2, जोन-3, जोन-4 तथा जोन-5 में बांटा गया है। जोन 2 सबसे कम खतरे वाला जोन है तथा जोन-5 को सर्वाधिक खतनाक जोन माना जाता है।

उत्तर-पूर्व के सभी राज्य, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्से जोन-5 में ही आते हैं। उत्तराखंड के कम ऊंचाई वाले हिस्सों से लेकर उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्से तथा दिल्ली जोन-4 में आते हैं। मध्य भारत अपेक्षाकृत कम खतरे वाले हिस्से जोन-3 में आता है, जबकि दक्षिण के ज्यादातर हिस्से सीमित खतरे वाले जोन-2 में आते हैं। हालांकि राजधानी दिल्ली में ऐसे कई इलाके हैं जो जोन-5 की तरह खतरे वाले हो सकते हैं। इस प्रकार दक्षिण राज्यों में कई स्थान ऐसे हो सकते हैं जो जोन-4 या जोन-5 जैसे खतरे वाले हो सकते हैं। दूसरे जोन-5 में भी कुछ इलाके हो सकते हैं जहां भूकंप का खतरा बहुत कम हो और वे जोन-2 की तरह कम खतरे वाले हों। भारत में लातूर (महाराष्ट्र), कच्छ (गुजरात) व जम्मू-कश्मीर में बेहद भयानक भूकंप आ चुके हैं। इसी तरह इंडोनेशिया और फिलीपींस के समुद्र में आए भयानक भूकंप से उठी सुनामी भारत, श्रीलंका और अफ्रीका तक लाखों लोगों की जान ले चुकी है। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा उसके केंद्र (एपीसेंटर) से निकलने वाली ऊर्जा की तरंगों से लगाया जाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

## मानसून का सूना आना और देव का सोना



डॉ. प्रेमचंद द्वितीय
व्यंग्यकार

चुनाव माथे पर आ गया उधर मानसून भी बगैर लेटलतीफी के आ धमका। और बगैर मान मनोव्वल के बरस पड़ा। लेकिन चुनाव लड़ने के इच्छुकों को मानसून का आना अखरने के साथ सूना पन दे रहा है। पिछले चार बरस में समय पर मानसून आया लेकिन नहीं अखरा। चुनावी साल में मानसून से कीचड़ और गांवों में पहुंचने के सारे रास्ते ऐसे बंद हुए मानो वे चुनााव लड़ने का रास्ता रोक रहे हो। यही नहीं मानसून का आना और देवों का सोना करेले पर नीम चढ़ने जैसा लग रहा है चुनाव लडने वालो को।

दशकों से चुनाव लड़ने की कवायद और कसरत करने वाले सियार अली वैसे ही अन्य प्रतिद्वंदियों के द्वंद से घायल हो रहे थे कि चुनाव के लिए माहौल बनाने वाले महीनों के पहले मानसून ने धूम मचा दी, जिससे उन्हें कीचड़ उछलने का डर लगने लगा। हालांकि कीचड़ बरसात से हुआ लेकिन उन्हें डर है कि काम धाम नहीं करने से लोग कीचड़ उछालने से बाज नहीं आएंगे। खैर मानसून के रिमझिम बरसने के बावजूद उन्होंने साफ्ट हिंदुत्व की तरह रवैया अपनाया।

हालांकि वे नास्तिक थे लेकिन चुनाव लड़ने की उत्कंठा ने उन्हें देवी देवताओं और मंदिरों की राह पकड़ने के लिए मजबूर कर दिया। चुनावी साल में मुंए अधिक मास ने भी उन्हें ज्यादा ही दर्द दे दिया और वह आ धमका! चार्तुमास पाच मांस में बदल गया। सियार अलीजी के चुनाव के लिए चिंतित होने पर पंडित शिवनारायण जी ने अपनी पंडिताई को इस्तेमाल किया और बोले आप तो फोकट में घबरा रहे हो सियार भाई। चुनावी साल में दो सावन को शुभ रूप में लो। सावन सवारी निकले तो उसमें झांझ मजीरे बजाओ। गिरते पानी में मंदिर-मंदिर जाओ और अपनी कार्यक्षमता का इजहार करो।

सावन सवारी में कभी भगवान का डमरू लेकर नाचो! पंडित जी के अध्यात्म भरे बयान सुनकर सियार अली पहले तो अचकचाए, लेकिन उम्मीदवार को तो हिम्मतवाला बनना पड़ता है। इसी हिम्मत के रोड शो की भावना को लेकर वे एक दिन शंकर जी की सवारी में जिंदा नाग गले में लेकर में शामिल हो गए। नाग डले नेताजी को देखकर पहले तो लोगों ने सोचा कि नाग भी नकली है और नेताजी भी! लेकिन जब नाग ने फुफकारा तो लोग तो ठीक अन्य टिकट धारी भी डर गए। ऐसा करतब दिखाने के बाद उन्होंने सोचा नाग देवता ने तो टिकटार्थियों को डरा दिया है। अब लोकतंत्र की प्रमुख ब्रांड एंबेसडर लठ यानी लकड़ी है। उसे लेकर सवारी में घुमा दिया और किसी दिन डांडिया खेलकर बता दिया कि लोकतंत्र में बल-छल से डंडा घुमाने की कितनी वेल्यू है। लोकतंत्र इन्हीं बनावटी उपकरणों का हिस्सा है।

पंडितजी बोले इसीलिए मानसून को मत कोसो। इस कोसने का किसानों व्यापारियों को पता चलेगा तो वे तुम्हें कोसों दूर फेंक देंगे और जब देवालयों से फुरसत पा जाओ तो एक आइडिया और है। मौत, नुक्ते, मौसर, श्राद्ध, श्रद्धांजलि, शवयात्रा थोड़े ही रुके हैं, इनमें दिन भर में जितनी निकलें, उनमें जाओ और श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करो। पंडित के ब्रह्म और भ्रम वाक्यों को सुनकर उम्मीदवार सियार अली हर दिन शवयात्रा श्रद्धांजलि सभा आदि में जाने लगे। जब एकाध हफ्ते तक विधानसभा क्षेत्र में चित्रगुप्त जी मौत का कोई वारंट जारी नहीं कर सके तो सियार अली परेशान हो गए और बोले कोई निपट नही रहा है। क्या करें, हफ्ता भर हो गया। मोबाइल खाली पड़ा है।

इस पर पंडितजी बोले ज्यादा पैंतरे मत खेलो इस बार सावन का अधिक मास है पृथ्वी लोक की जिम्मेदारी शिवजी के पास है। उन्हें सावन पंसद है। सावन की सवारियों, सावन के झूलों में झूलकर मोबाइल से लोगों को झुलाकर के रखो और बार-बार अधिक मास, सावन और मांगलिक कार्यक्रमों को मत कोसो, नहीं तो उम्मीदवारी की उम्मीदों पर मानसून का पानी कहर बरपाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा।

---



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
कॉन्टेस्ट का उद्देश्य, लाभान्वित हो पूरा प्रदेश, आप भी करें स्कीमों का प्रसार, जनसेवा से बनें इनाम के हकदार।



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
मुख्यमंत्री जी, इस लाल डायरी का सच क्या है? लाल डायरी में भगवान किसे कहा गया?



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
केवल वे ही जो गहनता से काम करते हैं, जानते हैं कि आराम क्या है।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
जो खो चुके उसे भूल जाओ और जो पाना चाहते हो उसे हासिल करने के लिए काम करो |



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
कृतज्ञता हमें उस जीवन से प्यार करने में मदद करती है जो हमारे पास पहले से है और जो हमारे पास पहले से है उसे पर्याप्त में बदल देता है।

---

### नॉलेज कॉर्नर: इसे औषधीय पौधा भी कहते हैं

# हर मर्ज की दवा मानी जाती है 'कलौंजी'

कलौंजी का नाम तो हम सबने कई बार सुना है, लेकिन मुख्य रूप से इसका उपयोग कब और कहां किया जाता है इसके बारे में कम ही लोगों को जानकारी है। कलौंजी एक वार्षिक पौधा है, जो कि 20 से 30 सेंटीमीटर लंबा होता है। इसकी पत्तियां लंबी तथा पतली होती हैं। इसका फूल लंबे डंठल पर लगता है, जिसमें 5 से 10 सफेद या हल्की नीली पंखुड़ियां लगती हैं। इसका फल गेंद के आकार का होता है, जिसमें काले रंग के तिकोने दाने होते हैं। यह फल दिखने में प्याज जैसा दिखाई देता है, जो कि औषधि, सौंदर्य प्रसाधन, मसाले तथा खुशबू के लिए खाद्य व्यंजनों में काम में लिया जाता है। कलौंजी के बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### प्राचीन ग्रंथों में वर्णन

इसका इतिहास इतना पुराना है कि आयुर्वेद और पुराने ईसाई ग्रंथों में भी इसका वर्णन मिलता है। विश्वभर के लोग सदियों से कलौंजी का प्रयोग करते रहे हैं। एशिया, उत्तरी अफ्रीका और अरब के देशों में इसका इस्तेमाल मसाले और दवाओं के रूप में किया जाता रहा है। इसका उल्लेख ईस्टन के बाइबल शब्दकोश में किया गया है, जिसमें हेब्र्यू शब्द का मतलब कलौंजी बताया गया है। रोम में इसे 'पेनासिया' कहा गया है, जिसका अर्थ होता है हर मर्ज की रामबाण दवा। मगर मिस्र के इतिहासकारों का मानना है कि यह सबसे पहले तूतन्खामन के मकबरे में पाया गया था। तीन हजार वर्ष पहले इसे शासकों की ममियों के साथ रखा जाता था। मुगल बादशाह अकबर अपने भोजन में टमाटर, आलू, कलौंजी, सरसों के दाने और तिल जैसे पदार्थों का सेवन नहीं करते थे, क्योंकि तब उत्तर भारत में उनका आना नहीं हुआ था।



### प्रमुख मसाला

इसके बीज औषधि तथा मसाले के रूप में काम में लिए जाते हैं। इसलिए इसे औषधीय पौधा भी कहा जाता है। यह रनुनकुलेसी कुल का झाड़ीय पौधा है, जिसका वानस्पतिक नाम 'निजेला सेटाइवा' है। यह लैटिन शब्द नीजर से बना है, जिसका अर्थ काला होता है। कलौंजी का रंग भी काला होता है। यह दिखने में तिल जैसा दिखाई देता है, मगर यह गोलाकार न होकर त्रिकोणाकार होता है। कलौंजी भारत सहित दक्षिण पश्चिमी एशियाई और भूमध्य सागरीय पूर्वी तटीय देशों और उत्तरी अफ्रीकाई देशों में उगाया जाता है। कलौंजी पोषक तत्वों का अंबार है, जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा मौजूद होती है।

### हर भाषा में अलग नाम

*कलौंजी को अंग्रेजी में निगेला, फेनेल फ्लावर, नटमेग फ्लावर, लव-इन-मिस्ट तथा रोमन कारिएंडर कहा जाता है। इसे काला बीज, काला केरावे और काले प्याज का बीज भी कहते हैं। संस्कृत में कृष्णजीरा, हिंदी में मंगरैल, उर्दू में कलौंजी, बांग्ला में कालाजीरो, मलयालम में करीम जीराकम, रूसी में चेरनुक्षा कहते हैं।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

### जामिया मिलिया के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को समझाए लोकतंत्र के मायने

# व्यवधान पैदा करना या हंगामा मचाना लोकतंत्र नहीं : जगदीप धनखड़

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिरों में व्यवधान और हंगामे को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार नहीं बनाया जा सकता। निश्चित रूप से व्यवधान और हंगामा लोकतंत्र नहीं हो सकता।

उन्होंने यहां जामिया मिलिया इस्लामिया के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से खुद को सशक्त बनाने की अपील की। धनखड़ ने कहा, लोकतंत्र जनता की भलाई के लिए संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस को कहा जाता है।

मुझे आपको यह बताते हुए दुख और पीड़ा हो रही है कि लोकतंत्र के मंदिरों की छवि धूमिल करने के लिए व्यवधान और हंगामे को रणनीतिक साधन रूपी हथियार बनाया जा चुका है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मानव संसाधनों का सशक्तीकरण एक महत्वपूर्ण घटक है। युवाओं को खुद को सशक्त बनाना चाहिए- राजनीतिक नशे से नहीं, बल्कि स्वस्थ वातावरण और समाज की भलाई, क्षमता निर्माण और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में उन्होंने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस नीति को अपनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि वे इसका पालन करेंगे और इस महान नीति का लाभ उठाएंगे। यह कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण और हमारी शिक्षा को एक नया आयाम देने पर आधारित है।



## दिल्ली से संबधित विधेयक को पेश करने की अनुमति न दें उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** आप के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को रविवार को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश की जगह लेने वाला विधेयक संसद के उच्च सदन में पेश करने की अनुमति नहीं दी जाए। चड्ढा ने पत्र में विधेयक को असंवैधानिक करार दिया है और राज्यसभा के सभापति से भाजपा नीत केंद्र सरकार को इसे वापस लेने का निर्देश देने तथा संविधान को बचाने का आग्रह किया। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने आम सहमति से माना है कि संवैधानिक आवश्यकता के अनुसार, दिल्ली सरकार में सेवारत सिविल सेवक सरकार के निर्वाचित अंग यानी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली निर्वाचित मंत्रिपरिषद के प्रति जवाबदेह हैं। जवाबदेही की यह कड़ी सरकार के लोकतांत्रिक और लोकप्रिय रूप से जवाबदेह मॉडल के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### प्रधानमंत्री मोदी 27-28 को गुजरात का दौरा करेंगे



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 और 28 जुलाई को गुजरात के दौरे पर रहेंगे तथा इस दौरान वह राजकोट में नवनिर्मित हीरासर हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए राज्य की राजधानी गांधीनगर में एक कार्यक्रम 'सेमीकॉन इंडिया 2023' का भी उद्घाटन करेंगे। जिलाधिकारी प्रभाव जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जुलाई को राजकोट शहर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने से पहले हीरासर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2017 में हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी।

### चांडी परिवार का सदस्य होगा कांग्रेस प्रत्याशी

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस के कद्दावर नेता ओमन चांडी के निधन के बाद पुथुपल्ली लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार को लेकर लगाई जा रहीं अटकलों के बीच केरल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के. सुधाकरन ने रविवार को कहा कि वरिष्ठ नेता के परिवार का ही कोई सदस्य उम्मीदवार होगा। अनौपचारिक चर्चा शुरू हो गई है कि किसे उम्मीदवार बनाया जाए और औपचारिक रूप से यह चर्चा कुछ दिन बाद शुरू होगी। उन्होंने कोच्चि में पत्रकारों से कहा कि उम्मीदवार कौन होगा, इसका फैसला परिवार को लेना है ना कि पार्टी को। सुधाकरन ने यह भी कहा कि अगर केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) चांडी का सम्मान करता है तो उन्हें पुथुपल्ली निर्वाचन सीट पर चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

### सियासी घमासान: कांग्रेस का दिल्ली समेत कई जगह मौन प्रदर्शन

# कांग्रेस आम लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दे करेगी उजागर

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली प्रदेश इकाई ने मणिपुर में जातीय संघर्ष और राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ रविवार को दिल्ली व पंजाब समेत कई राज्यों में धरना दिया और केंद्र सरकार पर प्रहार किया।

नई दिल्ली में कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता मौन सत्याग्रह धरना के लिए शहर के मध्य में जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी आम लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उजागर कर रही है।

चौधरी ने कहा, आप राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता, उनका घर छीन सकते हैं, लेकिन वह डरेंगे नहीं। 'मौन सत्याग्रह' के जरिये कांग्रेस पार्टी आम लोगों के मुद्दों को सरकार के सामने ला रही है। गांधी को 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद 24 मार्च को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया था।



## पंजाब: सत्याग्रह में जुटे दिग्गज

**लुधियाना।** कांग्रेस की पंजाब इकाई ने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने, मणिपुर में जातीय हिंसा के खिलाफ रविवार को यहां 'मौन सत्याग्रह' किया।



यहां गिल रोड स्थित अनाज मंडी में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, विधायक अरुणा चौधरी और पूर्व विधायक नवजोत सिंह सिद्धू तथा भारत भूषण आशु शामिल थे। प्रदर्शन करने वाले नेता और कार्यकर्ता अपनी बांहों और माथे पर काली पट्टी लगाए हुए थे। उनमें से कई ने ''लोकतंत्र बचाओ'', ''राहुल गांधी डरो मत'' और ''भाजपा हटाओ देश बचाओ'' लिखी तख्तियां भी ले रखी थीं।

### प. बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त : BJP

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों के बाद भाजपा के पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी दल का नेतृत्व कर रहे पार्टी के सांसद विनोद सोनकर ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था 'ध्वस्त' हो गई है। उन्होंने यह दावा भी किया कि राज्य में संसदीय से लेकर पंचायत चुनावों तक चुनाव बाद की हिंसा एक सामान्य बात है। सोनकर ने आरोप लगाया कि आठ जुलाई को हुए पंचायत चुनाव के बाद से भाजपा के 10 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है। इनमें से आठ अनुसूचित जाति से हैं। पंचायत चुनावों के बाद, जिन जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर हमला हुआ था, उनमें से कुछ स्थानों का दौरा करने से पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा, बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। भाजपा नेतृत्व ने पांच सदस्यीय यह दल भेजा है, जिसमें सांसद सुरेश कश्यप, विनोद चावड़ा, एस मुनिस्वामी और मनोज राजोरिया भी शामिल हैं।

### आरएसएस प्रमुख ने कसा तंज

## चीजें सुचारू चल रही हैं, क्योंकि कुछ लोग कुछ नहीं करते...



एजेंसी | मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि देश में अब जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उन पर बुरी चीजों के मुकाबले कम से कम 40 गुना अधिक चर्चा हो रही है। वह उत्तरी मुंबई के कांदिवली उपनगर में सुवर्णा अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी उपस्थित रहे।

भागवत ने कहा, कई बार नकारात्मक चर्चा सुनने को मिलती है। सरकार की नीतियों और सरकार में जिम्मेदार लोगों के काम के कारण आज देश का उत्कर्ष हो रहा है। चीजें सुचारू रूप से चल रही हैं क्योंकि कुछ लोग कुछ नहीं करते। अगर वे काम करेंगे तो दिक्कतें होंगी। भागवत ने कहा कि लोगों में भारत को गौरव हासिल करते देखने की इच्छा 40 साल पहले की तुलना में आज अधिक प्रबल है। इसे बढ़ना चाहिए। हम बढ़ रहे हैं लेकिन हम अभी तक उतने शक्तिशाली नहीं हैं। भागवत ने कहा, कुछ लोग हैं जो हमें बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। उन्होंने कहा, आज के समाज में सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य भी आवश्यक हो गए हैं।'

भागवत ने कहा, 'अच्छा या बुरा तय करने का पैमाना क्या है? कुछ ऐसा होता है जो दिखाई देता है और दूसरी ओर कुछ ऐसा होता है जो असल में होता है। कोई इसे ऐसे दिखा सकता है कि यह हो गया, भले ही वह न हुआ हो। उन्होंने कहा कि जब वे कॉलेज में थे तो भाखड़ा नांगल बांध की तरह आधुनिक तीर्थस्थल पर एक अध्याय था। इस अस्पताल जैसे आधुनिक तीर्थस्थल केंद्र हैं जहां लोगों की सेवा की जाती है। आपने यहां एक तीर्थस्थल बनाने का काम किया है।

### मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव

# राज्य की सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप: बीएस जून

एजेंसी | भोपाल

आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी बीएस जून ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी इस साल के अंत में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी करेगी। संवाददाता सम्मेलन में कहा,मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी पूरी मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी में जुटी है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है। चयन में सिर्फ सर्वेक्षण ही टिकट देने का मापदंड होगा। मध्य प्रदेश के हर जिले में हम 'परिवर्तन यात्रा' निकाल रहे हैं जिसका समापन चार अगस्त को होगा। जून ने दावा किया कि 'परिवर्तन यात्रा' के दौरान लोगों का आम आदमी पार्टी के प्रति एक जुड़ाव दिख रहा है।

#### बिजली-पानी-व भ्रष्टाचार होंगे चुनावी मुद्दे

दिल्ली से आप के विधायक जून ने कहा कि मध्य प्रदेश में हम बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में जनता 'आप' के साथ है और पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार बनेगी। सरकार बनने के बाद दिल्ली की तरह ही मध्य प्रदेश में हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की सुविधाएं लोगों को देंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल है।

### भाजपा-जजपा ने जनता के पीठ में खंजर घोंपा

**जींद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने रविवार को हरियाणा की गठबंधन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और जजपा ने जनता के पीठ और सीने में खंजर घोंपा है। राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटाले का भी आरोप लगाया। 42 बार प्रश्नपत्र लीक हुए, तीन बार जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई। जिले में 'हुंकार' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही भाजपा शासन में हुए प्रत्येक 'घोटाले' की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

### शिवराज सिंह चौहान का रोड शो



*सिहोर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिहोर जिले में रविवार को विकास पर्व कार्यक्रम के तहत आयोजित रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए।* फोटो- पीटीआई

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव


# कांग्रेस जीती तो सीएम पद की दौड़ में भूपेश बघेल सबसे आगे : सिंहदेव

एजेंसी | नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रविवार को कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी और अगर पार्टी जीतती है, तो मुख्यमंत्री पद के लिए बघेल का नाम सबसे आगे रहेगा।

सिंहदेव ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अगर किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को नहीं हटाया गया है, तो इसका मतलब है कि पार्टी उस व्यक्ति में अपना विश्वास व्यक्त करती है, जो टीम को जीत दिलाने में सक्षम है और जीत के बाद कप्तान क्यों बदला जाना चाहिए। सिंहदेव ने कहा कि 28 जून को जब राज्य के नेताओं ने यहां पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी, तब यह निर्णय लिया गया था कि चुनाव सामूहिक नेतृत्व के साथ लड़ा जाएगा, जिसकी अगुवाई भूपेश बघेल करेंगे। जाहिर तौर पर अगर हम इस स्थिति में जीतते हैं, तो बघेल मुख्यमंत्री पद के लिए विचार किए जाने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

#### 'प्रोटोकॉल' के तहत मैं नंबर दो



**सिंहदेव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 'प्रोटोकॉल' के तहत वह पहले से ही मंत्रिमंडल में 'नंबर दो' (दूसरे स्थान पर) हैं। हमारे पास ये आधिकारिक प्रोटोकॉल हैं। इसलिए मुख्यमंत्री ने मुझे अपने बाद का स्थान दिया था। वह 'नंबर एक' हैं और मैं 'नंबर 2' हूं और ताम्रध्वज साहू 'नंबर 3' हैं। मैं अभी भी एक अतिरिक्त पदनाम के साथ 'नंबर 2' हूं। मैं उपमुख्यमंत्री हूं, इसलिए मुझे यकीन है कि अधिकतर लोग इसे पदोन्नति के रूप में देख रहे होंगे। सिंहदेव ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया, अब मैं वह मंत्री हूं, जिन्हें उपमुख्यमंत्री भी नियुक्त किया गया है। मैं पार्टी आलाकमान और भूपेश भाई का बहुत आभारी हूं। पार्टी छत्तीसगढ़ में एकजुट है, सिंहदेव ने दावा किया कि पार्टी के नेता पहले भी एकजुट थे।**

#### सीएम पद ढाई-ढाई साल साझा करने का मुद्दा था

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद बघेल और उनके बीच तनाव अतीत की बात हो गई है, सिंहदेव ने कहा, वास्तव में कोई कड़वाहट या दुश्मनी नहीं थी, हम दोनों साथ मिलकर काम कर रहे थे। ढाई साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री पद साझा करने का मुद्दा था और मुझे लगता है कि यह हमारे साथ-साथ हम दोनों से जुड़े हर किसी पर असर डाल रहा था। वह समय गुजर चुका है। यहां तक कि जब उन मामलों पर चर्चा हो रही थी, तब भी हम अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में ढाई साल का कार्यकाल नहीं मिलने पर 'विश्वासघात' की भावना महसूस हुई, उन्होंने कहा, यह कोई विश्वासघात नहीं है क्योंकि यह आलाकमान का फैसला है और हम उसका पालन करते हैं।

#### 60 से 75 सीटें जीतने की उम्मीद

सिंहदेव ने यह भी भविष्यवाणी की कि कांग्रेस को 90 सदस्यीय विधानसभा में एक और शानदार जनादेश मिलने की संभावना है। राज्य में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में प्रस्तावित है। सिंहदेव ने कहा कि कुछ लोग उनकी पार्टी के लिए 75 से अधिक सीट का अनुमान लगा रहे हैं, लेकिन उनका अनुमान 60 से लेकर 75 सीट से अधिक का है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 सीट पर जीत दर्ज की थी।

#### छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति गठित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ के लिए रविवार को 22 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का गठन किया, जिसके अध्यक्ष पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख दीपक बैज होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव के अलावा राज्य सरकार में मंत्री ताम्रध्वज साहू और मोहन मरकाम के साथ-साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरण दास महंत इसके सदस्यों में शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। समिति में रवींद्र चौबे, मोहम्मद अकबर, शिवकुमार डहरिया, अनिला भेंडिया, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार, अमितेश शुक्ला, विकास उपाध्याय, राजेश तिवारी और पारस चोपड़ा भी शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### स्वर्ण मंदिर से गुरबानी के लिए यूट्यूब चैनल शुरू



**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर से गुरबानी के प्रसारण के लिए अपने यूट्यूब चैनल की शुरुआत की। यूट्यूब चैनल को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने स्वर्ण मंदिर परिसर में मंजी साहिब दीवान हॉल से एक संक्षिप्त धार्मिक समारोह के दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शुरुआत की। कमेटी अगले तीन महीनों के भीतर गुरबानी के प्रसारण के लिए एक सैटेलाइट चैनल शुरू करने की भी योजना बना रही है। पीटीसी चैनल के साथ एसजीपीसी का समझौता रविवार को समाप्त हो गया।

### बोरवेल में गिरे बच्चे को सुरक्षित निकाला



**बिहार शरीफ।** बिहार के नालंदा जिले के नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार की सुबह खेलने के क्रम में बोरवेल में गिरे चार साल के बच्चे को लगभग आठ घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया है। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया की जिला प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के प्रयास से बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। एहतियातन बच्चे को जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।नालंदा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 निवासी डोमन मांझी का चार वर्षीय बेटा शिवम कुमार खेलने के दौरान बोरवेल में गिर गया था।

### पूर्व सैन्य अफसरों को 36 साल पुराने मामले में सजा

**नई दिल्ली।** लखनऊ की एक विशेष अदालत ने 3.82 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़े 36 साल पुराने मामले में दो सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित आठ लोगों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 'मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज' के लिए अत्यधिक कीमतों पर स्थानीय स्तर पर खरीद से संबद्ध है, जिस सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। उस समय कमांडर वर्क्स इंजीनियर एमईएस, इलाहाबाद (कर्नल प्रशासन, कमान स्टेशन श्रीनगर) में पदस्थ रहे लेफ्टिनेंट कर्नल सत्यपाल शर्मा (अवकाश प्राप्त) को विशेष अदालत ने हाल में दोषी ठहराया है।

## बारिश का संगीत... झरना बहा, पर्यटक आए



*बस्तर। देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। कई राज्यों में बाढ़ के हालात हैं तो कई राज्यों में बारिश के बाद झरने बह निकले हैं और वहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित तीर्थगढ़ झरने को देखने पहुंचे पर्यटक।*

### मणिपुर में हिंसा व तनाव का असर पड़ोसी राज्यों में

# मिजोरम छोड़ जाने लगे मेइती समुदाय के लोग

एजेंसी | गुवाहाटी/सिलचर

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना को लेकर पूर्व उग्रवादियों के एक समूह की धमकी के बाद मेइती समुदाय के 41 लोग मिजोरम से असम पहुंचे। वहीं तीन विमानों से 78 लोग मणिपुर रवाना हुए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि तुरंत यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें से कितने लोग नियमित यात्री थे और कितने डर के कारण यात्रा कर रहे थे क्योंकि ये निर्धारित वाणिज्यिक उड़ानें थीं। इस बीच,ऐसी खबरे भी हैं कि मिजोरम में बसे मेतई समुदाय के लोगों को एयरलिफ्ट कराए जाने की योजना बनाई जा रही है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मणिपुर की घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद पूर्व उग्रवादियों के एक समूह ने मेइती समुदाय के लोगों को राज्य छोड़ने के लिए कहा था। असम के कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने बताया कि ये लोग शनिवार रात पड़ोसी राज्य मिजोरम से सिलचर पहुंचे। उन्हें लखीपुर विकास खंड में एक इमारत में रखा गया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ये सभी संपन्न परिवार हैं और अपने-अपने वाहनों से आए हैं।

### डीसीडब्ल्यू प्रमुख मालीवाल इंफाल पहुंची



**इंफाल।** दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने रविवार को कहा कि वह लोगों की सहायता के लिए मणिपुर आई हैं और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से अपील करेंगी कि वे लोगों की पीड़ा देखने के लिए राज्य का दौरा करें। जातीय संघर्ष ग्रस्त राज्य में रविवार दोपहर पहुंचीं मालीवाल ने यह भी कहा कि वह राजनीति में शामिल होने के लिए यहां नहीं आई हैं और जिन लोगों को यहां आना चाहिए, अगर वे राज्य का दौरा करेंगे तो वह वापस चली जाएंगी। उन्होंने हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मैं यहां राजनीति करने नहीं, बल्कि लोगों की सहायता करने आयी हूं... मैं प्रधानमंत्री और केंद्रीय डब्ल्यूसीडी मंत्री से अपील करूंगी कि वे राज्य का दौरा करें।

### चुराचांदपुर में फायरिंग व आगजनी

मणिपुर के चुराचांदपुर के कंगबई इलाके में रविवार को फायरिंग और आगजनी की खबर है। इस इलाके में सड़क के एक ओर कुकी समुदाय के गांव हैं तो दूसरी ओर मैतेई समुदाय के गांव हैं। लोगों ने कई बंकर बनाकर हथियार रखे हैं, जिससे वह एक दूसरे पर हमले करते हैं। इससे पहले शनिवार रात भी चुराचांदपुर में हिंसा भड़की थी। तोरबुंग इलाके में दो गुटों के बीच फायरिंग हुई थी।

### बीरेन जब तक CM शांति संभव नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि एन. बीरेन सिंह जब तक मणिपुर के मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तब तक राज्य में चीजें शांति की दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर राज्य में तथाकथित डबल-इंजन शासन की विफलता पर पर्दा डालने की बजाय अब कार्रवाई करें।

### विपक्ष संसद की चर्चा में शामिल हों : ठाकुर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण संसद के मानसून सत्र में जारी गतिरोध के बीच केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को 'हाथ जोड़कर' विपक्ष से अनुरोध किया कि वे इसपर चर्चा में भाग लें। ठाकुर ने विपक्ष से अनुरोध किया कि वह पूर्वोत्तर राज्य में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का राजनीतिकरण ना करें। विपक्षी दलों की मणिपुर की स्थिति को लेकर सोमवार को संसद में संयुक्त रूप से प्रदर्शन करने की योजना है। विपक्ष की मांग है कि चर्चा से पहले पीएम नरेन्द्र मोदी बयान दें।

### खालिस्तानी समूहों के रिश्तों का किया खुलासा

# NIA ने किया आरोप- पत्र दाखिल

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठनों बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़े तीन आतंकवादियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए भर्ती और संचालन में शामिल तीनों आतंकियों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का खुलासा किया है। रविवार को एक विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में बीकेआई और केटीएफ के लिए काम करने वाले छह अन्य सहयोगियों का भी नाम शामिल किया गया है।



### आतंकी गतिविधियों के लिए बनाए गिरोह

प्रवक्ता ने कहा कि कुख्यात गैंगस्टर से आतंकवादी बने एवं मादक पदार्थ तस्कर - हरविंदर सिंह संधू उर्फ 'रिंडा', बीकेआई का लखबीर सिंह संधू और केटीएफ का अर्शदीप सिंह उर्फ 'अर्श डाला' - देश से बाहर रह रहे हैं। उन्होंने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वहां अपने गुर्गों का गिरोह बनाया है।

### रिंडा पाकिस्तान में

एनआईए के मुताबिक, रिंडा बीकेआई का बेहद अहम सदस्य है। एजेंसी ने कहा, वर्ष 2018-19 में रिंडा अवैध रूप से पाकिस्तान भाग गया और वर्तमान में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में वहां रह रहा है और भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल है।

### अपराधी गिरोहों से भी है संपर्क

प्रवक्ता ने कहा, स्थानीय स्तर के कुख्यात अपराधियों और संगठित गिरोह सहित उत्तर भारत में सक्रिय प्रमुख गिरोहों के साथ भी इन आतंकवादियों के संबंध हैं।

## हिंडन नदी उफनी, गाजियाबाद में भरा पानी



*गाजियाबाद। हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से गाजियाबाद की कई आवासीय कॉलोनी जलमग्न हो गई हैं। साहिबाबाद के करहेड़ा के अनेक घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। दूसरी ओर गुजरात के जूनागढ़ में बाढ़ का पानी रविवार को उतरने से लोगों को राहत मिली है।*

### मणिपुर की आयरन लेडी ने बताया शांति के लिए रास्ता

# शांति के लिए पीएम हस्तक्षेप करें, सीएम विफलता स्वीकार करें : शर्मिला

एजेंसी | कोलकाता

नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाये जाने की घटना को रविवार को अमानवीय और बहुत परेशान करने वाला करार दिया तथा अपने गृह राज्य के हालात से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

शर्मिला ने यह भी मांग की कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए और लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कई पुरस्कारों से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता शर्मिला (51) ने बेंगलुरु से 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, यह अमानवीय और काफी परेशान करने वाली घटना है। वीडियो देखकर मैं अपने आंसू नहीं रोक पाई। मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। उन्नीस जुलाई को सामने आए इस वीडियो की देशभर में निंदा हुई। इसके बाद से पुलिस इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### 16 साल तक भूख हड़ताल पर रही थी शर्मिला

मणिपुर की रहने वाली शर्मिला सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) को रद्द करने की मांग को लेकर 16 साल तक भूख हड़ताल पर रही थीं। उन्हें 'फूड ट्यूब' के जरिये जबरन तरल आहार दिया जाता था।

### पीएम अब भी चुप क्यों है?



शर्मिला ने कहा, यह स्पष्ट है कि मणिपुर में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। जब कोई राज्य स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पा रहा है, तब भी प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? अगर वह मणिपुर के लोगों की पीड़ा को लेकर चिंतित हैं, तो उन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए...गुजरात के लोगों की तरह, मणिपुरियों को भी उनके नेतृत्व की आवश्यकता है।

### सीएम सभी 60 विधायकों से करें बात

मणिपुर की 'आयरन लेडी' कही जाने वाली शर्मिला ने कहा, मुख्यमंत्री को मतभेदों को परे रखकर सभी 60 विधायकों से बात करनी चाहिए। उन्हें उनसे एक-एक करके बात करनी चाहिए और उनकी राय पर विचार करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि दोनों समुदायों (मेइती और कुकी) के बीच नफरत की भावना को कैसे रोका जाए। यह वक्त की दरकार है।

### इंटरनेट पर प्रतिबंध से नहीं मिली मदद

शर्मिला का यह भी मानना है कि जातीय-हिंसा प्रभावित मणिपुर में फर्जी खबरों और वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट पर प्रतिबंध से मणिपुर की स्थिति में सुधार लाने में मदद नहीं मिली है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इंटरनेट पर इस प्रतिबंध से मणिपुर में हिंसा को नियंत्रित करने में मदद मिली है। इसके विपरीत, अगर इंटरनेट काम कर रहा होता, तो महिलाओं को न्याय मिल सकता था और अपराधी जेल में होते। शर्मिला ने मांग की कि दोषियों को कठोर कारावास और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा दी जानी चाहिए।

### मणिपुर में सरकार नाकाम : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने मणिपुर के हालात की तुलना बिहार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से करने पर भाजपा पर रविवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर राज्य में सरकार 'नाकाम' हो गई है, जबकि केंद्र 'स्वप्रेरित कोमा' में चला गया है। भाजपा पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार में महिलाओं पर हुए अत्याचार के मामले उठा रही है और इन्हें लेकर विपक्ष की 'चुप्पी' पर सवाल खड़े कर रही है, जबकि विपक्ष इसे हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति पर बहस से बचने के लिए ध्यान भटकाने की भाजपा की रणनीति बता रहा है। चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'चलिए मान लेते हैं कि बिहार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इससे मणिपुर में लगातार जारी हिंसा कैसे माफ हो सकती है? उन्होंने कहा, क्या घाटी में कोई कुकी बचा है? क्या चुराचांदपुर और मणिपुर के अन्य पहाड़ी जिलों में कोई मैइती बचा है? यदि रिपोर्ट सच है, तो मणिपुर में जातीय सफाया लगभग पूरा हो चुका है। चिदंबरम ने कहा कि वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के अनुसार, मणिपुर में संवैधानिक सरकार का पतन हो गया है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों की हुकूमत उनके घरों और दफ्तरों से आगे नहीं चलती।

## मिस दीवा राजस्थान सीजन-5: ताज के लिए प्रदेश के छोटे टाउन से रैंप पर आया टैलेंट

# 200 मॉडल्स ने किए लुक्स EXPOSE




फोटो: पंकज शर्मा





**बेधड़क. जयपुर।** ताज पहने जब पूर्व विनर यंगस्टर्स के बीच आईं तो हर कोई उनका ताज पाने के लिए मोटिवेट दिखाई दिया। पूर्व विजेता ने नई मॉडल्स को टिप्स भी दिए। राजस्थान भर से आई मॉडल्स ने कॉन्फिडेंस के साथ वॉक की।

जयपुर में फैशन इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए ये रंग थे एआरके प्रॉडक्शन की ओर से आयोजित किए जा रहे मिस केटेगरी के स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट 'मिस दीवा राजस्थान सीजन-5' के। इसके टैलेंट राउंड और ऑडिशन का आयोजन जेएलएन रोड स्थित एक स्टूडियो में किया गया। इस दौरान 200 से अधिक मॉडल्स ने पार्टिसिपेट कर टैलेंट को प्रेजेंट किया। सभी ने अपने स्किल्स व लुक्स से जजेज को लुभाने की कोशिश की और वॉक कर सलेक्शन के लिए ताल ठोकी।

### मेट्रो सिटी ही नहीं, टाउन से भी आया टैलेंट

आयोजक सुरेश प्रधान और शो डायरेक्टर्स हरीश तहिलियानी, विनोद कुमावत, रविन्द्र शेखावत ने बताया कि जयपुर सहित कोटा, अजमेर, सीकर, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा की 18 से 28 वर्ष की 200 गर्ल्स ने पार्टिसिपेट किया। साथ ही हर पार्टिसिपेट को मिस दीवा की टी-शर्ट और मोमेंटो गिफ्ट में दिए।

### 500 से ज्यादा आई एंट्री

अभी तीन राउंड्स और जयपुर में किए जाएंगे। जो इस बार हिस्सा नहीं ले पाए हैं, वह आगे होने वाले राउंड में से किसी में भी पार्टिसिपेट कर सकते हैं। इस बार सभी ने रैंप वॉक, इंटरव्यू राउंड, क्वेश्चन आंसर राउंड व एटीट्यूड सेशन में बेस्ट परफॉर्मस किया। पार्टिसिपेंट्स से जूरी द्वारा उनके फ्यूचर, कॅरियर प्लान, रोल मॉडल, इंस्पिरेशन के बारे में सवाल किए गए। इसके लिए शहर व आस-पास से 500 से अधिक एंट्रीज प्राप्त हुई थीं। पेजेंट के फिनाले से पहले पार्टिसिपेंट्स के लिए फैशन पोर्टफोलियो, लुक लॉन्च, टैलेंट राउंड, योगा सेशन जैसी एक्टिविटीज होंगी। ग्रैंड फिनाले 16 सितंबर में जयपुर में होगा।

### ये हैं जूरी पैनलिस्ट

जूरी पैनल में मिस दीवा राजस्थान-2021 विनर कशिश चौधरी, मिस दीवा राजस्थान-2022 विनर याशिका कुमावत, अंकिता राठौड़, तनु शेखावत, रोशनी टाक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट के तौर पर बिजनेसमैन व सोशल एक्टिविस्ट अलोक गुप्ता ने मोटिवेट किया।

## लुक लॉन्च में देश के 16 फैशन डिजाइनर्स होंगे जयपुर के मंच पर



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के मंच पर व्हाइट का जादू चलेगा। व्हाइट ड्रेसेज में मॉडल्स रैंप वॉक करेंगी और गुलाबी नगरी में फैशन को प्रमोट किया जाएगा। इसके लिए 30 जुलाई को राजस्थान प्राइड फैशन वीक में देश के 16 डिजाइनर कलेक्शन शोकेस करेंगे। इससे पहले वंशिका वेलफेयर सोसायटी की ओर से होने जा रहे कार्निवल और फैशन शो राजस्थान प्राइड फैशन की मॉडल्स और अयोजक मंच पर आए। डिजाइनर प्रियंका गोयल की ड्रेसेज को मॉडल्स आयुषी बनसिया, प्रांजली मीणा और रिया दोई और भावलीन कौर ने डिस्प्ले किया। ऑर्गेनाइजर पूजा मक्कड़ ने बताया कि राजस्थान प्राइड फैशन वीक का आयोजन ग्रैंड उनियारा में होगा। फिनाले में जयपुर की डिजाइनर प्रियंका गोयल के लेबल पिंक पैसले को 30 मॉडल्स और शहर की लेडीज रैंप पर प्रेजेंट करेंगी। शो डायरेक्टर मनोज सोनी के डायरेक्शन में डिजाइनर तुषार राजपूत, सिड गैरी, कशूती, गौरव गुप्ता, साइकत सनी, निलोफर, विपिन अग्रवाल और दीपक संकेत शामिल होंगे। मुख्य आकर्षण दृष्टि बाधित लेडीज के साथ शो स्टॉपर दिल्ली की मॉडल आकांक्षा तिवारी और दिव्या चौहान वॉक करेंगी।

## समान नागरिक संहिता के समर्थन में युवाओं ने किया पैदल मार्च



**बेधड़क. जयपुर।** देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की मांग को लेकर अब जयपुर में भी आवाज उठने लगी है। इसको लेकर युवा शक्ति मंच ने समान नागरिक संहिता को समर्थन देने के लिए जनसमर्थन जुटाने के मोटिव से हजारों युवाओं को साथ लेकर पैदल मार्च निकाला। 'एक देश-एक कानून' के नारों के साथ वे आगे बढ़े। चौगान स्टेडियम से शुरू हुआ पदमार्च छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, चौड़ा रास्ता होते हुए न्यू गेट, रामलीला मैदान पर समाप्त हुआ। मार्च में केसरिया पहने युवा जय श्री राम के नारे लगाते रहे। वहीं, मार्च का कई स्थानों पर स्वागत हुआ और सड़क पर फूल बिछाए गए। मार्च के बाद प्रदेश संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि दुनिया के सभी देशों में सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून है। भारत ही ऐसा है, जहां दो कानून हैं। यहां क्रिमिनल और सिविल कानून लागू है और क्रिमिनल कानून में तो सब बराबर हैं, लेकिन सिविल कानून में अलग-अलग वर्गों को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की बात की थी।

# City इवेंट्स

## संस्कृति के तड़के से स्वाद दोगुना





**बेधड़क. जयपुर।** खाने के साथ यदि सांस्कृतिक प्रथाओं को भी प्रोत्साहन मिले तो खाने का स्वाद दोगुना हो जाता है। कुछ ऐसा ही अहसास है श्रोत, जो रीजनल हेरिटेज को सेलिब्रेट करता है। हयात रीजेंसी मानसरोवर का ऑल-डे डाइनिंग रेस्टोरेंट श्रोत क्यूरेटेड मेन्यू का लुत्फ उठाने का एक मौका है, क्योंकि स्थानीय और प्राकृतिक रूप से तैयार की क्षेत्रीय डिशेज हर उम्र के लोगों को भाती है। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में कड़ाही कचौरी, दाल पकवान, सांगरी की टूक, पिठौड़ की सब्जी, ठीकरी की दाल और 'जोधपुरी' रान, मंगोड़ी पुलाव खास है। सदियों पुराने खाना पकाने के उपकरण और ऑथेंटिक तकनीकों पिट-फायर, चारिंग, लॉन्ग फर्मेंटेशन, सीजनल प्यूरीड सूप, सिंगल-पॉट कुकिंग, स्लो-कुकिंग और प्रिजर्व्ड वेजिटेबल्स को बढ़ावा दिया है। महाप्रबंधक निखिल गांधी ने बताया, विचारपूर्वक तैयार किए फूड और बेवरेज मेन्यू के अतिरिक्त गेस्ट अनुभव को बेहतर बनाने पर ध्यान है।

## पूनम तिलक बनीं शहर अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन राजनीतिक चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चेलावत ने पूनम तिलक को जयपुर शहर महिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। पूनम तिलक ने बताया कि जिस प्रकार से वे समाज में आगे होकर विभिन्न संस्थाओं से जुड़कर महिलाओं को साथ लेकर कार्य करती आई हैं, उसी प्रकार से राजस्थान जैन राजनीतिक चेतना मंच को शीर्ष तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगी।

## DMPL-2 में सुरों की जंग जारी



**बेधड़क. जयपुर।** एसबीआई डीएमपीएल-2 की रंगत दूसरे दिन और भी बढ़ गई जब भाग लेने वाली सभी टीमों ने एक से बढ़कर एक दमदार प्रस्तुतियां दीं। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि सभी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से लीग के मुकाबले रोमांचक हो गए हैं। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि लीग मैचों की चार विजेता टीमों सीकेएस त्यागी आई हॉस्पिटल, एएलसीएस-एशियन कैंसर, सीता देवी हॉस्पिटल और श्री कृष्णा हॉस्पिटल ने फाइनल में जगह बना ली है। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि लाइव आर्केस्ट्रा के सराहनीय संगीत संयोजन का कार्य गुलाम द्वारा किया जा रहा है। लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने मंच संचालन किया।

## उत्तराखंड सभा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# प्रदेश में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उत्तराखंड सभा (रजि.) राजस्थान की ओर से प्रदेश व्यापी पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर, किरण पथ कमलेश्वर पार्क में पौधरोपण किया गया। इस दौरान छायादार और फलदार पेड़ लगाए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सदस्य डॉ. कैलाश वर्मा, विशिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य राम बाबू शर्मा, सभा के सभी पदाधिकारी, स्कूल के सभी अध्यापक और कॉलोनी के लोग उपस्थित रहे। सभा अध्यक्ष बीएस रावत ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने धन्यवाद दिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करना पुण्य का कार्य है। संगठन मंत्री आनंद पांडे ने बताया कि सभा से जुड़े जिले कोटा, गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, उदयपुर, सीकर, पाली, झुंझुनूं-पिलानी, अलवर में भी प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत सैकड़ों पौधे लगाए गए। जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाने की प्रेरणा देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। प्रदेश महिला महासचिव बीना पंत, गोदावरी कांडपाल ने सहयोगी महिलाओं के साथ पहुंचकर कार्यक्रम में सहयोग किया। वहीं, युवा प्रकोष्ठ की युवा टीम, जयपुर जिला महासचिव कुलदीप सिंह नेगी, जयपुर जिला कार्यकारणी, ज्योति नेगी जिला जयपुर महिला कार्यकारणी के साथ पहुंचकर पार्क को हरा भरा करने में सहयोग किया।

## ईकॉन- 2023 में विश्व के टॉप एक्सपर्ट ने दी जानकारी

# एक टेस्ट से पता चल जाएगा दिमाग में कहां बनती है मिर्गी




**बेधड़क | जयपुर**

एमआरआई, सीटी स्कैन, पेट स्कैन के बाद ही अगर दिमाग में मिर्गी विकसित होने की सही जगह पता नहीं लगती तो अब एक टेस्ट से यह मालूम हो सकता है। इसके लिए स्टीरियो ईईजी जांच है, जिससे दिमाग में आने वाले मिर्गी के दौरे की सटीक लोकेशन का पता लगाया जा सकता है।

इंडियन एपिलेप्सी सोसायटी और इंडियन एपिलेप्सी एसोसिएशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ईकॉन-2023 में यह विचार डॉ. मंजरी त्रिपाठी ने रखे। उन्होंने बताया कि स्टीरियो ईईजी जांच दिमाग में तार डालकर की जाती है। इससे मिर्गी के निकलने वाली जगह का पता लगाते है। मिर्गी का सोर्स महत्वपूर्ण हिस्से में है तो उस हिसाब से ट्रीटमेंट की प्लानिंग होती है। ईकॉन-2023 के ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 190 रिसर्च पेपर प्रजेंट किए गए। साथ ही एपिलेप्सी सोसायटी के सिंपोजियम में आईबीई, आईएलएई और डब्ल्यूएचओ के द्वारा मिर्गी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विमर्श किया गया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अंजनी कुमार शर्मा और ट्रेजरार डॉ. सुरेश गुप्ता ने कहा कि सिंपोजियम में मिर्गी के मरीज, उनके केयर टेकर और मिर्गी पर काम करने वाले संगठनों ने भाग लिया। डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि आईबीई और आईएलएई के डॉ. डोना वाल्श, डॉ. हेलन क्रॉस और डॉ. सेबेस्टियन ने विश्व में मिर्गी की स्थिति पर बात की।

**यादें** | पुण्यतिथि पर रफी के गानों से बांधा समां, बालोदिया को राजस्थान गौरव अवॉर्ड

# ए नर्गिसे मस्ताना... बस इतनी शिकायत है...

**बेधड़क | जयपुर**

ए नर्गिसे मस्ताना बस इतनी शिकायत है, मस्त बहारों का मैं आशिक और मोहब्बत जिंदा रहती है मुहब्बत मर नहीं सकती जैसे सुरीले गीतों को जब सुपर सिंगर मोहन कुमार बालोदिया ने दिलकश आवाज में पेश किया तो कला प्रेमी अमर गायक मोहम्मद रफी की याद में डूब गए।

मौका था मोहम्मद रफी की पुण्य तिथि पर बालोदिया इवेन्ट्स और बालोदिया डायमंड ऑर्केस्ट्रा की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में 'जनम-जनम का साथ है' के आयोजन का। बालोदिया के साथ सिंगर रश्मि बालोदिया और उनके साथियों ने रफी के गाए 25 सुपरहिट एकल और युगल गीत प्रस्तुत किए। साथ ही मोहन बालोदिया को बॉलीवुड गोल्डन ऐरा के फिल्म संगीत को 40 साल से अधिक समय से जीवंत बनाए रखने के लिए 'राजस्थान गौरव' अवॉर्ड से नवाजा गया। समाज सेवी ओमप्रकाश मोदी मुख्य अतिथि थे।




### इन्होंने भी सुनाए नगमे

रफी गीतों भरी शाम को नागेश भटनागर, राजीव माथुर, कृष्ण कन्हैया मीना, राजीव सक्सेना, बेला माथुर, विधि आचार्य, नीना सक्सेना, मनीषा जैन और निकिता कोका लालवानी ने विभिन्न एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति दी।

### 43 साल से जारी है सिलसिला

कार्यक्रम की खास बात रही कि ये 43 साल से लगातार जारी है। बालोदिया परिस्थिति चाहे कैसी भी हो हर साल रफी की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम करते हैं। रफी की याद में उनके निधन के बाद पहली संगीत संध्या 43 वर्ष पूर्व घर के छोटे से कमरे में हुई थी। उसके बाद कार्यक्रमों का सिलसिला जवाहर कला केन्द्र, महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम सहित शहर के कई ऑडिटोरियम में होता हुआ अब पिछले कुछ वर्षों से बिड़ला ऑडिटोरियम में आ पहुंचा है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क


सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 24 जुलाई, 2023



ईमानदारी मजबूत चरित्र का निर्माण करती है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रूस ने दागी मिसाइलें: यूक्रेन के ओडेसा शहर में कैथेड्रल भी तबाह...





*कीव। रूस ने यूक्रेन के काला सागर स्थित शहर ओडेसा पर रविवार को फिर से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए लोगों में चार बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विस्फोट में शहर के ऐतिहासिक कैथेड्रल तबाह हो गया है। प्रधान गिरजाघर का आधे से ज्यादा हिस्सा ध्वस्त हो गया है।*

### जो बाइडेन ने दी चीफ ऑफ स्टाफ पद पर नियुक्ति

# एडमिरल फ्रैंचेटी बनीं अमेरिकी नौसेना की पहली महिला प्रमुख

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी को अमेरिकी नौसेना प्रमुख के पद से नवाजा। वह अमेरिकी नौसेना का नेतृत्व करने और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। लिसा फ्रैंचेटी अमेरिकी नौसेना में चीफ ऑफ नेवल ऑपरेशन (सीएनओ) के रूप में काम करेंगी।

यह अमेरिकी नौसेना का सबसे वरिष्ठ पद है। इससे पहले वह अमेरिकी नौसेना में वाइस सीएनओ के पद पर तैनात थीं। बाइडन ने घोषणा करते हुए कहा कि हमारे अगली चीफ ऑफ नेवल ऑपरेशन के रूप में एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी ने कमीशन अधिकारी के रूप में 38 साल तक हमारे देश की समर्पित सेवा की है। इसमें वाइस चीफ ऑफ नेवल ऑपरेशन के तौर पर की गई उनकी वर्तमान भूमिका भी शामिल है। बाइडन ने यह भी कहा कि अपने पूरे करियर में, एडमिरल फ्रैंचेटी ने ऑपरेशन और पॉलिसी दोनों क्षेत्रों में व्यापक विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है।

### कौन हैं एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी



एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी न्यूयॉर्क के रोचेस्टर की हैं, जिन्हें 1985 में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में नेवल रिजर्व ऑफिसर ट्रेनिंग कोर प्रोग्राम के माध्यम से अमेरिकी नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता में साइंस ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की। उन्हें डिफेंस डिस्टिंग्विस्ड सर्विस मेडल सहित कई मेडल मिल चुके हैं।

### 2022 में वाइस बनी थीं CNO

फ्रैंचेटी ने यूएसएस शेनान्डाह (44 ई.) में प्रथम श्रेणी अधिकारी के रूप में कार्य किया था; यूएसएस मोनोंघेला (एओ 178) पर नाविक और जंबोइज़ेशन समन्वयक; यूएसएस मूसब्रुगर (डीडी 980) पर परिचालन अधिकारी; डिस्ट्रॉयर स्क्वाड्रन (DESRON) 2 के लिए युद्ध प्रणाली अधिकारी और मुख्य स्टाफ अधिकारी; यूएसएस स्टाउट (डीडीजी 55) के कार्यकारी अधिकारी; और यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन स्ट्राइक ग्रुप पर सहायक सतह संचालन अधिकारी। फ्रैंचेटी ने सितंबर 2022 में वाइस सीएनओ के रूप में शपथ ली।

### बंद होगी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस!

# सरकार ने खड़े किए हाथ

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतना खस्ताहाल हो गई है कि अब उसकी मुख्य एयरलाइन पाकिस्तान इंटरनेशल एयरलाइंस भी ठप होने वाली है। एयरलाइंस को अब और संचालन करने के लिए राष्ट्रीय कोष से धन की जरूरत है और यह कोष तो पहले ही खाली हो चुका है। अब उसके पास एक दिन के संचालन भर का भी बजट नहीं बचा है।

एयरलाइंस 600 अरब पाकिस्तानी रुपए के घाटे में चल रही है। पाकिस्तानी सरकार ने अब इसके रीस्ट्रक्चरिंग के लिए एक्सपर्ट्स को बुला रही है। एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से न्यूज इंटरनेशनल ने बताया कि पीआईए अब सऊदी अरब को 5 करोड़ डॉलर का नेविगेशन चार्ज भी नहीं दे पा रही है। सऊदी अरब एक बार पीआईए की फ्लाइट्स पर बैन भी लगा चुका है। जिस भी दिन पाकिस्तानी सरकार एयरलाइन में पैसे लगाना बंद कर देगी, उसी दिन एयरलाइन पूरी तरह बंद हो जाएगी। घाटे में संचालन करना संभव नहीं है।




### निजीकरण कर देना चाहिए

अधिकारियों को कहना है कि समय सीमा के भीतर ही फैसला किया जाना चाहिए और इसका निजीकरण कर देना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि हाल ही में पीआईए ने अपने बेड़े में एक बोइंग 777 विमान शामिल किया है। इसके साथ ही विमानों की कुल संख्या 11 हो गई है। हालांकि एयरलाइन्स की हालत इतनी खराब है कि अब इसे तीन या चार कंपनियों में बांट देने के अलावा कोई चारा नहीं है।

### आईएमएफ से भी लोन की नहीं बन रही है बात

पाकिस्तान की आईएमएफ से भी बेलआउट पैकेज को लेकर बात नहीं बन रही है। आईएमएफ ने कृषि और निर्माण क्षेत्र को टैक्स के दायरे में लाने को कहा था, लेकिन पाकिस्तानी मंत्री इशाक डार ने इनकार कर दिया। मंत्री ने शनिवार को कहा कि अब और ज्यादा टैक्स नहीं बढ़ाया जाएगा। वहीं, पाकिस्तान की संसद में 2016 में बने कानून के मुताबिक पीआईए का निजीकरण भी नहीं किया जा सकता।

## नेतन्याहू का हुआ सफल ऑपरेशन

**यरूशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का रविवार को सफल पेसमेकर प्रत्यारोपण ऑपरेशन हुआ। यह ऑपरेशन ऐसे समय में हुआ है, जब विवादास्पद 'न्यायिक सुधार' विधेयक पर कुछ दिनों में संसद में मतदान होने वाला है। पिछले सप्ताह नेतन्याहू को गलील सागर की यात्रा के दौरान कई घंटे तक धूप में रहने के चलते चक्कर आने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# पाकिस्तान: कार्यवाहक पीएम बन सकते हैं वित्त मंत्री इस्हाक डार

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के पद के लिए सत्तारूढ़ 'पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी' वित्त मंत्री इस्हाक डार के नाम का प्रस्ताव रखने पर विचार कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डार का नाम ऐसे समय चर्चा में आया है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने चुनाव अधिनियम 2017 में बदलाव करने पर विचार विमर्श किया ताकि आगामी कार्यवाहक व्यवस्था को इसके संवैधानिक जनादेश से परे निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया जा सके। ऐसा हाल में शुरू की गई आर्थिक योजना की निरंतरता सुनिश्चित करने और सरकार के स्वामित्व वाली संस्थाओं में विदेशी निवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के मद्देनजर किया गया है।



### स्पिरिट एयरलाइंस की घटना: केबिन क्रू ने बना दिया वीडियो

# महिला ने की प्लेन के फ्लोर पर लघुशंका

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

पिछले कुछ महीनों में फ्लाइट्स में अभद्र व्यवहार आम बात हो गई है। एक यात्री द्वारा दूसरे यात्री पर पेशाब करने से लेकर, एयरलाइंस द्वारा यात्रियों को हवाईअड्डे पर छोड़ देने से लेकर फ्लाइट में एक बिच्छू द्वारा एक महिला को काटने तक, कुछ असामान्य घटनाएं हैं जो हाल ही में हुई। अब ताजा घटनाक्रम के मुताबिक, महिला पर विमान के फ्लोर पर पेशाब करने का आरोप है। हालांकि महिला का कहना है कि एयरलाइन्स ने उसे वॉशरूम नहीं जाने दिया। घंटों इंतजार के बाद जब वह कंट्रोल नहीं रोक पाई तो उसे ऐसा कदम उठाना पड़ा।



व्यू फ्रॉम द विंग की एक रिपोर्ट के अनुसार यह घटना अमेरिका स्थित स्पिरिट एयरलाइंस द्वारा संचालित एक उड़ान में हुई।

आउटलेट के अनुसार महिला यात्री का दावा है कि उसने दो घंटे तक इंतजार किया और "जब और बर्दाश्त नहीं कर सकी" तो उसने विमान के फर्श पर पेशाब कर दिया।

महिला की इस करतूत को केबिन क्रू के एक सदस्य ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।




### सौरमंडल के बाहर से आएगी तबाही

# पृथ्वी से ग्रह की टक्कर से होगी प्रलय!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

प्लैनेट एक्स के नाम का रहस्यमय खगोलपिंड कई वर्षों से प्रलय के सिद्धांत देने वालों और वैज्ञानिकों के बीच विवाद का विषय रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बात की बेहद कम संभावना है कि यह ग्रह पृथ्वी से टकरा जाए। जबकि कुछ लोग निबिरू प्रलय के रूप में संदर्भित किए जाने वाले एक महाविनाश की भविष्यवाणी करते हैं। इसमें एक विशाल रहस्यमय ग्रह पृथ्वी से टकराता है, जिससे सर्वनाश हो जाता है। हालांकि कई लोग प्लैनेट एक्स के अस्तित्व को ही पूरी तरह से नकारते हैं। अलबत्ता, एक भौतिक विज्ञानी का कहना है कि ऐसी टक्कर को पूरी तरह खारिज करना उचित नहीं होगा। 1995 में इसे प्रस्तावित किया गया था। सभी वैज्ञानिकों का आम तौर पर यही मत है कि ऐसी कोई विनाशकारी मुठभेड़ नहीं होने वाली। इसमें नील डेग्रेस टायसन सहित वो विशेषज्ञ भी हैं जो प्लैनेट एक्स के अस्तित्व को खारिज करते हैं।

### क्या बोले भौतिक विज्ञानी

एस्टन यूनिवर्सिटी के भौतिकी प्रोफेसर रॉबर्ट मैथ्यूज ने 2018 में निबिरू से जुड़े भय का संक्षिप्त, लेकिन स्पष्ट विश्लेषण किया था। बीबीसी साइंस फोकस मैग्जीन में लिखते हुए उन्होंने कहा, 'यह सच है कि सौर मंडल से दूर विफल तारे छिपे हुए हैं, जिन्हें भूरे रंग के बौने के रूप में जाना जाता है। यह मुश्किल से बृहस्पति ग्रह से बड़े हैं।'



### पहले भी हुई है भविष्यवाणी

मैथ्यूज ने लिखा, 'हालांकि इनमें से किसी के साथ एक विनाशकारी मुठभेड़ की संभावना बेहद कम है।' लेखिका नैन्सी लीडर ने 1995 में दावा किया था कि एलियन ने उनसे संपर्क किया है। उन्होंने और उनके फॉलोवर्स ने दावा किया था कि दुनिया 2003 में खत्म हो जाएगी। जब 2003 में प्रलय नहीं आया तो तारीखों को और आगे बढ़ा दिया गया। इसे 21 जून 2020 कर दिया गया। हालांकि यह तारीख भी बिना किसी हादसे के निकल गई।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl